PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■अलीगढ, शनिवार, 12 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com


## महाराष्ट्र: मुंबई आने वाले ब्रिटिश एयरवेज के विमान में तकनीकी खराबी; ICG ने शराब-नकदी समेत छह लोगों को पकड़ा




ब्रिटेन से भारत आने वाले विमान में तकनीकी दिक्कत आने के बाद उसे रद्द करना पड़ा। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक लंदन के हीथ्रो से मुंबई आने वाली ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट- BA135 के ब्रेकिंग सिस्टम में तकनीकी खराबी आ गई। कंपनी ने पहले कहा कि एयरलाइन के इंजीनियर खराबी को ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए उड़ान में देरी होगी। हालांकि, भारतीय समयानुसार शनिवार को करीब 2.38 बजे टेक-ऑफ से ठीक पहले प्लेन टैरमैक से वापस लौटा दिया गया। विमान शाम 5:35 बजे (लंदन का समय) रवाना होना था, लेकिन रात 10 बजे (स्थानीय समय) तक ब्रेकिंग सिस्टम की तकनीकी खराबी ठीक नहीं हो सकी और उड़ान रद्द कर दिया गया।

**मुंबई के तट पर अवैध शराब और बेहिसाब नकदी के साथ नाव जब्त, छह पकड़े गए**

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने मुंबई में समुद्र तट के पास एक संदिग्ध नाव को कब्जे में लिया है। अपतटीय तेल रिग के पास अनधिकृत गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई के संबंध में आईसीजी ने कहा, गश्ती पोत की मदद से व्यापक तलाशी ली गई। लगभग 10 लाख रुपये की अवैध शराब और बेहिसाब नकदी बरामद की गई है। नाव और उस पर सवार छह चालक दल के सदस्यों को मुंबई बंदरगाह लाकर संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। संदिग्ध तस्करी अभियान के पीछे के व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियां संयुक्त रूप से जांच कर रही हैं।

## जर्मनी चुनाव और यूरोप संकट पर बोले पुतिन: यह पश्चिमी देशों की गलतियों का नतीजा, उन्हें रूस से कोई खतरा नहीं




ब्रिक्स समिट के लिए भारत पहुंचे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जर्मनी में एएफडी की जीत और यूरोप संकट को पश्चिम की नीतिगत गलतियों का परिणाम बताया। उन्होंने यूरोपीय देशों को रूस से खतरे की धारणा खारिज करते हुए कहा कि मॉस्को का यूरोप के साथ टकराव का कोई कारण नहीं है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 18वें ब्रिक्स समिट के लिए भारत पहुंचे हैं। यहां उन्होंने जर्मनी के सैक्सोनी-अनहाल्ट राज्य के चुनावों में 'अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी' (एएफडी) पार्टी की जीत और यूरोप के मौजूदा हालात पर अपनी राय रखी है। दिल्ली में दिए गए बयान में उन्होंने कहा कि आज पूरे यूरोप में जो कुछ भी घट रहा है, वह पश्चिमी देशों और उनकी व्यवस्थागत गलतियों का परिणाम है। पुतिन ने कहा कि पश्चिमी ताकतों ने राजनीति, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर गंभीर गलतियां की हैं। पुतिन ने आगे कहा कि गलतियां हर किसी से होती हैं। खुद रूस से भी अतीत में काफी गलतियां हुई हैं और बाकी दुनिया ने भी गलतियां की हैं। लेकिन पश्चिमी देशों के साथ सबसे बड़ी समस्या यह रही कि शीत युद्ध की समाप्ति और सोवियत संघ के विघटन के बाद वे खुद को 'ओलंपस के शिखर' पर बैठा समझने लगे। उन्हें ऐसा लगने लगा कि उन्हें सब कुछ करने की पूरी छूट है, और वे ऐसे लोग हैं जो कभी कोई गलती कर ही नहीं सकते।

**रूस से यूरोपीय देशों को कोई खतरा नहीं**

यूरोपीय देशों को रूस से खतरे के मुद्दे पर पुतिन ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि ऐसा कोई खतरा न तो पहले कभी था और न ही आज मौजूद है। रूस न तो यूरोपीय देशों को कोई धमकी दे रहा है और न ही भविष्य में उन्हें डराने का उसका कोई इरादा है। पुतिन ने सवाल किया कि आखिर रूस ऐसा करेगा ही क्यों? कोई इस हकीकत पर गौर ही नहीं करता कि यूरोप के साथ किसी भी टकराव या विवाद की रूस के पास कोई वजह ही नहीं है।

पुतिन ने याद दिलाया कि सभी जरूरी मुद्दों का समाधान दूसरे विश्व युद्ध के नतीजों के साथ ही तय हो गया था। इसके बाद सोवियत संघ के टूटने पर जो कुछ भी हुआ, वह सोवियत संघ के कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में रूसी संघ की आपसी सहमति से किया गया था। उन्होंने साफ किया कि उन तय व्यवस्थाओं के खिलाफ जाने वाला हर कदम सीधे तौर पर रूस के हितों के खिलाफ है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के मूल सिद्धांतों व संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के चार्टर के भी पूरी तरह खिलाफ है।

## आरएमपीएसयू: अलीगढ़ कमिश्नर ने लिया जायजा, बोले-निर्माण कार्यों में लापरवाही पर अर्थदंड लगाएं



मंडलायुक्त ने यूपीआरएनएसएस द्वारा बनवाए जा रहे अतिथिगृह का भी निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि निर्माण कार्य 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है। आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय का उपयोगिता प्रमाण-पत्र भी प्रेषित कर दिया गया है। अलीगढ़ मंडलायुक्त ओपी आर्य ने शुक्रवार को राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा फर्म की ओर से अनावश्यक विलंब होने पर नियमानुसार अर्थदंड लगाया जाए। प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय एवं निर्माणकारी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उन्होंने कमियों को 15 दिनों में दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। कहा कि उपकरणों के बेहतर रखरखाव के लिए वार्षिक अनुबंध किया जाए। मुख्य भवन के सामने प्रवेश द्वार की सड़क पर मिली कमियों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रबुद्ध सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय जांच समिति द्वारा निरीक्षण एवं सत्यापन के बाद ही विवि भवन का हस्तांतरण लिया जाएगा।

मंडलायुक्त ने राजकीय निर्माण निगम द्वारा बनाए जा रहे शैक्षणिक भवन-3 का भी जायजा लिया। अधिशासी अभियंता राजकीय निर्माण निगम ने बताया कि 24.66 लाख रुपये की लागत से जी प्लस 2 शैक्षणिक भवन का निर्माण जारी है। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से कराई जाती है। मंडलायुक्त ने यूपीआरएनएसएस द्वारा बनवाए जा रहे अतिथिगृह का भी निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि निर्माण कार्य 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है। आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय का उपयोगिता प्रमाण-पत्र भी प्रेषित कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन अरुण कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, एडीएम प्रशासन सौरभ भट्ट, रजिस्ट्रार प्रबुद्ध सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्माण खंड एके राही उपस्थित रहे।

## दिल्ली, UP, बिहार समेत 13 राज्यों में होगी भारी बारिश, IMD ने जारी किया रेड-यलो का अलर्ट!



दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई हिस्सों में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। कई राज्यों में बारिश का दौर शुरू हो गया है, जबकि मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में बना कम दबाव का क्षेत्र अब उत्तर-पश्चिम और पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तथा उससे सटे दक्षिण ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटों के पास स्थित है। इस मौसम प्रणाली के प्रभाव से कई राज्यों में बारिश होने की संभावना बनी हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग यानी IMD के दैनिक बुलेटिन के अनुसार देश के करीब 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले वीकेंड में उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और राजस्थान के कुछ हिस्सों में रुक-रुककर मध्यम बारिश हो सकती है। दिल्ली-एनसीआर में भी मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। शुक्रवार को दिल्ली के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश देखने को मिली। बारिश के कारण तापमान में गिरावट के साथ लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में जलभराव और यातायात प्रभावित होने की स्थिति भी बन सकती है। मौसम विभाग ने दिल्ली में रात तक बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अगले दिन भी बारिश की संभावना जताई गई है। IMD के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में अगले दो दिनों तक यानी रविवार तक बारिश का दौर जारी रह सकता है। इस दौरान कुछ इलाकों में तेज बारिश के साथ हवाएं चलने की भी संभावना है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण नमी वाली हवाओं का प्रभाव बढ़ रहा है, जिसका असर देश के अलग-अलग हिस्सों के मौसम पर पड़ सकता है। उत्तर भारत के कई राज्यों में बादल छाए रहने और रुक-रुककर बारिश होने की संभावना है। लोगों को सलाह दी गई है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और मौसम विभाग के ताजा अपडेट पर नजर रखें। खासकर तेज बारिश और हवाओं के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और कमजोर ढांचों के आसपास सावधानी बरतने की जरूरत है। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों के लिए अगले कुछ दिन मौसम के लिहाज से महत्वपूर्ण रहने वाले हैं, क्योंकि बारिश का असर सड़क यातायात, दैनिक आवाजाही और स्थानीय जनजीवन पर पड़ सकता है। ऐसे में लोगों को बाहर निकलने से पहले मौसम की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी जा रही है।

## FASTag यूजर्स के लिए सरकार ने दी बड़ी सुविधा, OneTag से दूर होंगी सारी शिकायत!





FASTag यूजर्स के लिए सरकार ने एक बड़ी सुविधा शुरू की है। अब वाहन पर लगे FASTag का स्टिकर बदले बिना ही यूजर अपना बैंक बदल सकेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में 'OneTag' सुविधा की शुरुआत की। इस सुविधा के तहत FASTag यूजर अपने मौजूदा FASTag को एक बैंक से दूसरे बैंक में ट्रांसफर कर सकेंगे। खास बात यह है कि बैंक बदलने के बावजूद FASTag का टैग, टैग आईडी और वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर वही रहेगा। यानी यूजर को नया FASTag लेने या वाहन की विंडस्क्रीन पर नया स्टिकर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। OneTag सुविधा को इंडियन हाईवेज मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (IHMCL) और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने मिलकर विकसित किया है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य FASTag से जुड़ी बैंक बदलने की प्रक्रिया को आसान और सुविधाजनक बनाना है। दरअसल, अभी अगर कोई FASTag यूजर अपना बैंक बदलना चाहता है तो उसे पहले पुराने FASTag को बंद कराना पड़ता है। इसके बाद दूसरे बैंक में नया FASTag खाता खोलना होता है और नया स्टिकर भी लेना पड़ता है। इस पूरी प्रक्रिया में यूजर को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ता है। OneTag के जरिए अब इस प्रक्रिया को काफी सरल बनाया जा रहा है। यूजर अपने मौजूदा FASTag को बरकरार रखते हुए पसंद के दूसरे बैंक में उसे पोर्ट कर सकेगा। इसके लिए यूजर को NHAI के 'राजमार्गयात्रा' ऐप के माध्यम से OneTag सुविधा का इस्तेमाल करना होगा। बैंक बदलने से पहले यूजर की पात्रता और पहचान की जांच की जाएगी। सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यूजर अपनी पसंद का नया बैंक चुन सकेगा और FASTag पोर्टेबिलिटी की प्रक्रिया पूरी कर सकेगा। OneTag के तहत बैंक बदलने के बाद पुराने FASTag की पहचान और वाहन से जुड़ी जानकारी में बदलाव नहीं होगा। पुराने बैंक की जिम्मेदारी पुराने FASTag वॉलेट में मौजूद राशि के रिफंड और लंबित लेनदेन के निपटारे की होगी। पोर्टेबिलिटी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नए बैंक की जिम्मेदारी FASTag से जुड़ी सेवाओं को संभालने की होगी। इससे यूजर्स को नया स्टिकर लेने, नया FASTag लगवाने और बार-बार वाहन से संबंधित जानकारी अपडेट कराने जैसी परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार की यह पहल FASTag व्यवस्था को अधिक यूजर-फ्रेंडली बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। OneTag के लागू होने से उन लोगों को खास तौर पर फायदा होगा जो अपने मौजूदा बैंक की सेवाओं से संतुष्ट नहीं हैं और बैंक बदलना चाहते हैं, लेकिन नया FASTag लेने की लंबी प्रक्रिया से बचना चाहते हैं। इस सुविधा से FASTag की पोर्टेबिलिटी आसान होगी और यूजर्स को बैंक बदलने की अधिक स्वतंत्रता मिल सकेगी।

## Aligarh News: स्टेशन पर यात्री की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में दम तोड़ा




रेलवे स्टेशन पर अलीगढ़ से विशाखापट्टनम जा रहे एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई। यात्री को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के चीना मुर्शिदाबाद श्रम शक्ति नगर निवासी एसएस प्रकाश राव (65) पत्नी बैंकट लक्ष्मी के साथ अपने एक रिश्तेदार से मिलने अलीगढ़ आए थे। विशाखापट्टनम जाने के लिए दंपती शुक्रवार को स्टेशन पहुंचे थे। जहां प्रतीक्षालय में ट्रेन का इंतजार कर रहे थी। तभी एसएस प्रकाश राव की तबीयत बिगड़ गई और वे अचेत हो गए। पत्नी ने सह यात्रियों व रेलवे स्टाफ से मदद मांगी तो उन्हें एंबुलेंस की मदद से मलखान सिंह जिला अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने यात्री को मृत घोषित कर दिया। बन्नादेवी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## Aligarh News: स्वाइन फ्लू के तीन नए मरीज मिले



जिले में स्वाइन फ्लू के संक्रमण का शिकार मरीजों का मिलना जारी है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में तीन नए मरीजों को इस संक्रमण से ग्रसित पाया गया है। सीएमओ डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि अब तक जिले में 224 संदिग्ध मरीजों की जांच हुई है, जिसमें 54 मरीज इसके संक्रमण से ग्रसित पाए गए हैं। इनमें तीन नए मरीज हैं, जिनकी रिपोर्ट शुक्रवार को आई है। उपचार के बाद अब तक 28 मरीजों को राहत मिल चुकी है। इस दौरान 103 लोगों को इसका टीका लगाया जा चुका है। 15 लोगों का उपचार घर में जारी है। धीरे-धीरे इसका संक्रमण कम हो रहा है। एहतियातन लोगों से मास्क पहनने और भीड़ भरे स्थानों से दूर रहने के लिए कहा जा रहा है।

## अबान की मौत: अली ने नहीं दिए नए मुलाकाती के नाम, मिलने भी न आया कोई अपना; छोटा भाई ही संभालता था ये जिम्मेदारी




छह अगस्त को भी अबान अली से मिलने के लिए झांसी आ रहा था। झांसी-कानपुर हाईवे पर पूंछ के खिल्ली गांव के पास उसकी तेज रफ्तार कार सड़क किनारे बनी सहारा दीवार से टकरा गई थी। हादसे में अबान की मौके पर ही मौत हो गई थी।



इसके बाद से अली से मिलने के लिए परिवार का कोई सदस्य झांसी जेल नहीं पहुंचा है। अली को भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए प्रयागराज ले जाया गया था।इस दौरान उसने अपने मंझले भाई अहजम को भी झांसी जेल में आकर उससे मुलाकात करने से मना कर दिया था। इसके बाद भी उसने किसी अन्य रिश्तेदार का नाम मुलाकाती के तौर पर जेल प्रशासन को नहीं दिया। अबान की मौत के बाद बीते एक माह से अली से मिलने के लिए उसके वकील ही जेल पहुंच रहे हैं। परिवार का कोई सदस्य मुलाकात के लिए नहीं आया है। अली ने भी अब तक किसी रिश्तेदार को मुलाकाती के तौर पर दर्ज नहीं कराया है।

करीब 11 माह से झांसी जेल में बंद अली अहमद ने छोटे भाई अबान की मौत के एक महीने बाद किसी परिजन का नाम मुलाकाती के तौर पर दर्ज नहीं कराया है। माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान अहमद की 6 अगस्त 2026 को झांसी-कानपुर हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई थी। एक माह से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी अली ने जेल प्रशासन को किसी रिश्तेदार का नाम मुलाकाती के तौर पर नहीं दिया। उससे मिलने के लिए अभी सिर्फ वकील ही आ रहे हैं। करीब 11 महीने से झांसी जेल में बंद अली अहमद से छोटे भाई अबान की मौत के बाद मिलने के लिए कोई अपना नहीं पहुंचा है। हादसे में अबान की मौत को एक महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन इस दौरान अली का कोई परिजन जेल में उससे मिलने नहीं आया। अली ने भी जेल प्रशासन को किसी नए रिश्तेदार का नाम मुलाकाती के तौर पर दर्ज कराने के लिए नहीं दिया है। फिलहाल उससे मिलने के लिए सिर्फ उसके वकील ही जेल पहुंच रहे हैं।दिवंगत माफिया अतीक अहमद का बेटा अली एक अक्तूबर 2025 से झांसी जेल में बंद है। माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान अहमद की 6 अगस्त 2026 को झांसी-कानपुर हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई थी। अबान अली से नियमित मुलाकात के लिए झांसी आ रहा था। झांसी-कानपुर हाईवे पर पूछ के खिल्ली गांव के पास अबान की तेज रफ्तार कार रिटेनिंग वाल से जा टकराई थी, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।बड़े भाई अली से मिलने के लिए उसका छोटा भाई अबान नियमित रूप से प्रयागराज से झांसी आता था। अबान 30 से अधिक बार जेल में अली से मुलाकात कर चुका था। अली अपनी पसंद की चीजें भी अक्सर अबान से ही मंगवाता था।

## यूपी: 82 करोड़ के चिकित्सा उपकरणों की होगी जांच, महानिदेशालय और उपकरण आपूर्तिकर्ताओं की भूमिका पर उठाया सवाल



राज्यसभा सदस्य ने यह भी मांग की है कि करीब 82 करोड़ के प्रस्ताव पर तत्काल रोक लगाई जाए। पूरे मामले की जांच चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति गठित कर कराई जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष को पत्र भेजकर पूरे मामले में जांच कराने और उसकी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

**पहले खरीदे गए उपकरणों का भी मांगा ब्यौरा**

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में यह भी मांग की गई है कि पूर्व में खरीदे गए उपकरणों की भी जांच कराई जाए। इसमें यह पूछा जाए कि इससे पहले खरीदे गए उपकरणों की स्थिति क्या है? वे कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं। यदि कोई उपकरण निष्प्रयोज्य है तो उसे किसने घोषित किया ? निष्प्रयोज्य उपकरणों की नीलामी कब हुई? प्राप्त धनराशि राजकोष में जमा कराई गई तो उसकी रसीद दी जाए।



उत्तर प्रदेश में अस्पतालों के लिए प्रस्तावित 82 करोड़ रुपये के चिकित्सा उपकरणों की खरीद से पहले विस्तृत जांच होगी। महानिदेशालय और आपूर्तिकर्ताओं के बीच संभावित सांठगांठ की भी जांच की जाएगी। राज्यसभा सदस्य की शिकायत पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने स्वास्थ्य विभाग को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। पहले खरीदे उपकरणों की स्थिति भी जांची जाएगी। प्रदेश के अस्पतालों के लिए 82 करोड़ की होने वाली उपकरण खरीद फंसती नजर आ रही है। खरीद से पहले इसकी विस्तृत जांच की जाएगी। जांच में महानिदेशालय और आपूर्तिकर्ताओं की सांठगांठ को भी देखा जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को आदेश दिया है।प्रदेश में उच्चीकृत अस्पतालों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 82 करोड़ के उपकरणों की खरीद की प्रक्रिया शुरू हुई है। इसके लिए महानिदेशालय से 20 अगस्त 2026 को शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इस प्रस्ताव पर राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने उसे किसने घोषित किया ? निष्प्रयोज्य उपकरणों की नीलामी कब हुई?

## यूपी: पीएमश्री स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई होगी और आसान, लर्निंग किट के साथ मिलेगी स्टूडेंट डायरी; जानें अपडेट




उत्तर प्रदेश के पीएमश्री विद्यालयों में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों की पढ़ाई प्रभावी बनाने के लिए लर्निंग किट और डायरी दी जाएगी। इसके लिए 11.37 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। किट में वर्कशीट, गतिविधि सामग्री, ड्राइंग शीट और अन्य उपयोगी वस्तुएं होंगी। शिक्षकों को बेहतर शिक्षण सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में पीएमश्री योजना के प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए कक्षा-शिक्षण को अधिक प्रभावी और सीखने को अधिक उपयोगी बनाया जा रहा है। इसके तहत बच्चों को लर्निंग किट और डायरी भी दी जाएगी। ताकि वे अपनी पढ़ाई को और बेहतर बना सकें। इसके लिए 11.37 करोड़ का बज भी स्वीकृत किया गया है।योजना के तहत कक्षा 1 से 5 तक के लिए निपुण लक्ष्य पोस्टर, तालिका पोस्टर, शिक्षण-अधिगम से संबंधित आईईसी सामग्री और साप्ताहिक आकलन ट्रैकर की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ शिक्षकों को विषय और पाठ्य बिंदुओं के अनुरूप टीएलएम बनाने व प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया है। सामग्री ऐसी हो जो बच्चों को अवधारणाओं को समझने, अभ्यास करने और सीखने के विविध अवसर उपलब्ध कराने में सहायक बने।

टीएलएम के लिए कार्ड बोर्ड, चार्ट पेपर, स्केच पेन, पेपर एडहेसिव, अबेकस, ग्लोब, भारत व विश्व के मानचित्र, कठपुतलियां, परिवहन तथा पशु-पक्षियों के चार्ट सहित विभिन्न उपयोगी सामग्री ली जाएगी। इसी तरह कक्षा 1 से 5 तक के हर बच्चे के लिए स्टूडेंट लर्निंग किट की व्यवस्था की जाएगी। इसमें वर्कशीट, अभ्यास एवं गतिविधि आधारित सामग्री, रंगीन वर्कबुक, ड्राइंग शीट, ओरिगेमी पेपर, ऊन, रिबन, लर्निंग डाइस आदि सामग्री शामिल होगी। बच्चों को स्टूडेंट डायरी भी उपलब्ध कराई जाएगी। लर्निंग किट के वितरण के लिए विशेष पंजिका तैयार की जाएगी और वितरण के बाद विद्यार्थी अथवा अभिभावक के हस्ताक्षर भी कराए जाएंगे। अभिभावकों की उपस्थिति में पीटीएम के दौरान भी किट वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी बीएसए को इसके प्रयोग और क्रियान्वयन के लिए निर्देश जारी किए हैं।

## यूपी के सरकारी अस्पताल का हाल: फर्श पर इलाज, दावों का जनाजा; देखें फिरोजाबाद के ट्रॉमा सेंटर की तस्वीरें




फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज में वायरल, बुखार और हादसों के मरीजों की भीड़ से सभी बेड फुल हो गए, कई मरीजों का फर्श और बेंच पर इलाज करना पड़ा। करीब 30 गंभीर मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं, जबकि एक बेड पर दो मरीजों को भर्ती करने की मजबूरी और संक्रमण के खतरे ने चिंता बढ़ा दी है। वायरल के बढ़ते प्रकोप, तेज बुखार और हादसों के बीच शुक्रवार को फिरोजाबाद का सरकारी मेडिकल कॉलेज कराहते मरीजों से खचाखच भर गया। इमरजेंसी, सर्जरी और मेडिसिन वार्ड के सभी बेड फुल हो गए। 30 गंभीर मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर जिंदगी से जंग लड़ रहे थे। वार्डों में कोई जगह नहीं बची और संक्रमण का खतरा बढ़ गया। अस्पताल प्रशासन ने किसी को बिना इलाज नहीं लौटाने की अपनी शपथ पर अडिग रहकर मिसाल पेश की। बेड की किल्लत के बीच डॉक्टरों ने हार मानने के बजाय फर्श और बेंचों पर चादरें बिछवाईं और वहीं ड्रिप लगाकर इलाज शुरू किया।शुक्रवार दोपहर 12 बजे ईडी-3 वार्ड में कृष्णा नगर (थाना उत्तर) निवासी प्रेमदास (50) पहुंचे। सांस लेने में उन्हें तकलीफ थी। बेड न मिलने पर जमीन पर लिटाकर इलाज दिया गया। खैरगढ़ के गांव खैय्यातान निवासी 15 वर्षीय कन्हैया को सड़क हादसे में घायल होने के बाद सीएचसी से रेफर होकर आने पर फर्श पर ही उपचार मिला। जनरल वार्ड में भी सम्राट नगर की मुस्कान (24) और हाजीपुरा की अफसा (12) को एक ही बेड पर भर्ती किया गया। मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि वायरल के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। सांस फूलने और ऑक्सीजन की जरूरत वाले मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को 1800 मरीज ओपीडी में आए हैं।सिरसागंज के सिरसाखास निवासी टीबी पीड़ित सोनी (50) को जब चक्कर आ रहे थे तब ट्रॉमा सेंटर के स्टाफ ने स्वस्थ बताकर डिस्चार्ज कर दिया। परिजन हाथ जोड़ते रहे पर दिल नहीं पसीजा और बीमार महिला बाहर बेंच पर असहाय होकर लेट गई। मानवीय संवेदनाएं तब जागीं जब राहगीरों के मोबाइल कैमरे ऑन हो गए और वीडियो बनने लगा। फजीहत से बचने के लिए उसी स्टाफ ने आनन-फानन में महिला को दोबारा बेड पर पहुंचाया।अस्पताल में ठीक होने आए मरीज कहीं और गंभीर न हो जाएं, यह डर अब गहराने लगा है। स्वाइन फ्लू और टीबी जैसी संक्रामक बीमारियों के मरीजों के ठीक बगल में अन्य रोगियों का इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, ड्रॉपलेट्स और सांसों के इस सीधे संपर्क से क्रॉस-इन्फेक्शन का खतरा है जो सामान्य मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

## दिल्ली: पूर्व आईपीएस किरण बेदी की मांग, विधायक-पार्षदों को प्रॉपर्टी का खुलासा करने का निर्देश दे हाईकोर्ट

**बेदी ने इसे वर्षों से चली आ रही भाई-भतीजावाद की संस्कृति से जोड़ते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निकाय से संबंधित अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में कानूनों के अनुपालन पर नजर रखने की अपेक्षा की जाती है।**








बेदी ने इसे वर्षों से चली आ रही भाई-भतीजावाद की संस्कृति से जोड़ते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निकाय से संबंधित अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में कानूनों के अनुपालन पर नजर रखने की अपेक्षा की जाती है। बेदी ने संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर दर्ज संपत्तियों को भी सार्वजनिक कराने की मांग की है। पूर्व आईपीएस ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और गृह मंत्रालय को टैग करते हुए कहा, राजधानी दिल्ली में ऐसी कई संपत्तियों को लेकर लगातार आरोप लगाए जा रहे हैं, जिनके कानून और नियमों का उल्लंघन कर हासिल किए जाने या संचालित होने का संदेह है। उन्होंने आशंका जताई कि भवन निर्माण अथवा व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े ऐसे मामलों की वजह से कानूनी और सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। बेदी ने इसे वर्षों से चली आ रही भाई-भतीजावाद की संस्कृति से जोड़ते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निकाय से संबंधित अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में कानूनों के अनुपालन पर नजर रखने की अपेक्षा की जाती है।



## ब्रिक्स समिट 2026: भारत-चीन संबंधों को लेकर घबराया यूएसए, सम्मेलन को लेकर अमेरिकी अखबारों में क्या छपा?



ब्रिक्स सम्मेलन पर पूरी दुनिया की निगाहें हैं। खासकर अमेरिका और पश्चिमी देश इस पर नजर बनाए हुए हैं। अमेरिकी मीडिया ने भी ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर काफी कुछ लिखा है। जिसमें सबसे ज्यादा भारत-चीन संबंधों को लेकर चर्चा की गई है। अमेरिका के प्रमुख अखबारों ने नई दिल्ली में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को बदलते वैश्विक हालात की झलक के तौर पर देखा है। ये हालात तनावपूर्ण गठबंधनों, क्षेत्रीय युद्धों और वॉशिंगटन व बीजिंग के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा से तय हो रहे हैं। 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने एक खबर में कहा कि इस शिखर सम्मेलन में सबसे अहम सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग में से कौन विकासशील दुनिया की अधिक प्रभावशाली आवाज बनकर उभरेगा। चीन, ब्रिक्स को अमेरिकी ताकत को चुनौती देने के एक प्लेटफॉर्म के तौर पर देखता है। वहीं, भारत चाहता है कि यह ग्रुप इतना बड़ा और खुला रहे कि देशों को अलग-अलग गुटों में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर न होना पड़े।

**भारत को लेकर चीन की क्या है मुख्य चिंता?**

अखबार ने कहा कि युद्ध, ऊर्जा की बढ़ती कीमतें, अमेरिकी टैरिफ और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर चिंताएं देशों को वॉशिंगटन और बीजिंग के साथ अपने रिश्तों पर फिर से सोचने के लिए मजबूर कर रही हैं। वॉशिंगटन में स्टिमसन सेंटर के चीन प्रोग्राम की डायरेक्टर युन सन ने 'टाइम्स' को बताया, 'भारत को लेकर चीन की मुख्य चिंता हमेशा से भारत का अमेरिका के साथ झुकाव रही है। इसलिए बीजिंग निश्चित रूप से दिल्ली के साथ अपने रिश्तों को बेहतर बनाने का मौका नहीं गंवाना चाहेगा।' चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का यह दौरा सात साल में भारत का उनका पहला दौरा है। यह दौरा 2020 में सीमा पर हुई जानलेवा झड़प के बाद रिश्तों में आई लंबी खटास और 2024 में शुरू हुई सावधानी भरी कूटनीतिक सुधार की प्रक्रिया के बाद हो रहा है। शी 24 सितंबर को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने वाले हैं। यह मुलाकात नई दिल्ली समिट को और भी अहम बनाती है, क्योंकि चीनी नेता अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बेहद अहम बातचीत की तैयारी कर रहे हैं।

**ट्रंप प्रशासन में भारत-अमेरिका संबंधों में गिरावट आई**

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने कहा कि अमेरिका के साथ भारत और चीन के रिश्तों में अनिश्चितता ने इन दोनों परमाणु-हथियार वाले पड़ोसी देशों के लिए तनाव कम करने का मौका दिया है। तृप्ति लाहिड़ी और ऑस्टिन रैमजी की रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों में गिरावट आई थी, जिसकी वजह नई दिल्ली द्वारा रूसी तेल की खरीद जैसे मुद्दे थे। नई दिल्ली की जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में चीनी अध्ययन के प्रोफेसर श्रीकांत कोंडापल्ली ने जर्नल को बताया, 'भारत स्थिति को फिर से संतुलित करने की कोशिश कर रहा है।' अखबार ने कहा कि भारत-चीन संबंधों में कोई भी सुधार सीमा विवाद के अनसुलझे रहने, पाकिस्तान के साथ चीन के करीबी रिश्तों और हिंद महासागर में सुरक्षा प्रतिस्पर्धा की वजह से सीमित है। सुन ने जर्नल को बताया, 'चीनी पक्ष भी देख रहा है कि भारत सही समय का इंतजार कर रहा है और बेहतर विकल्पों पर काम कर रहा है, जो भविष्य में सामने आ सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि इससे चीन-भारत संबंधों में मौजूदा सुधार की सतही प्रकृति और बढ़ जाती है।'

**'ब्रिक्स में संतुलन बनाना भारत के लिए चुनौती'**

वाशिंगटन पोस्ट ने एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों एजाज हुसैन और शेख सालिक की रिपोर्ट प्रकाशित कीं, जिनमें इस शिखर सम्मेलन को भारत के लिए एक मुश्किल संतुलन बनाने वाली कवायद बताया गया। रिपोर्टों में कहा गया कि बैठक में शामिल होने वाले नेताओं में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और शी शामिल थे। पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन से पहले पुतिन और पेजेश्कियान के साथ अलग-अलग बातचीत की। वाशिंगटन 'पोस्ट' में छपी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, इस बढ़े हुए ग्रुप के 11 सदस्य ग्लोबल ऑर्डर में अधिक प्रभाव चाहते हैं, लेकिन उनके राजनीतिक, आर्थिक और विदेश नीति से जुड़े हित अलग-अलग हैं। इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप के सीनियर एनालिस्ट प्रवीण डोंथी ने एपी को बताया, 'ग्लोबल साउथ कोई एक जैसा ग्रुप नहीं है। इसलिए, इस ग्रुप के लिए इन झगड़ों को संभालना और उनमें मध्यस्थता करना मुश्किल होगा।'रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन और मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध इन मतभेदों को सामने ला सकते हैं। भारत के रूस और ईरान के साथ पुराने संबंध हैं, जबकि वह अमेरिका, यूरोप, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ भी अपनी साझेदारी बढ़ा रहा है।

## विदेश के समाचार: उत्तर कोरिया में पूर्वी तट के पास से मिसाइल दागे जाने की खबर; अमेरिका में 9/11 हमले की बरसी




उत्तर कोरिया ने अपने नवीनतम हथियार प्रदर्शन के तहत समुद्र की ओर एक अज्ञात मिसाइल दागी है। यह प्रक्षेपण शनिवार सुबह उत्तर कोरिया के पूर्वी तट से समुद्र में हुआ। यह घटना अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के पांच दिवसीय सैन्य अभ्यास के एक दिन बाद हुई है। उत्तर कोरिया इस अभ्यास को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता है। इस घटना की जानकारी दक्षिण कोरिया की सेना ने दी है। सैन्य अभ्यास को लेकर दक्षिण कोरिया की सेना का कहना है कि 'फ्रीडम एज' अभ्यास रक्षात्मक प्रकृति का था। इसका उद्देश्य उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों के खिलाफ संयुक्त प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ाना था। अभ्यास शुरू होने के कुछ घंटों बाद, उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री किम सोंग गी ने इसकी आलोचना की थी। उन्होंने चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया "शक्ति के दृष्टिकोण से मजबूत जवाबी कार्रवाई" करने में सक्षम है।

**अमेरिका में 9/11 हमले की बरसी, ट्रंप ने दी श्रद्धांजलि**

अमेरिका ने 11 सितंबर, 2026 को 9/11 आतंकवादी हमलों की 25वीं बरसी मनाई। देश ने उस भयावह घटना और मृतकों को याद किया। 11 सितंबर, 2001 को अल-कायदा के चरमपंथियों ने चार वाणिज्यिक जेट विमानों का इस्तेमाल कर न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला किया था। पेंटागन और पेंसिलवेनिया के शंकसविले के पास भी विमान गिराए गए थे। इन हमलों में करीब 3,000 लोग मारे गए थे। बरसी पर मृतकों की याद में माल्यार्पण किया गया। मौन रखने के बाद पीड़ितों के नाम संदेश भी पढ़े गए। एक सर्वेक्षण के अनुसार, आधे अमेरिकी वयस्कों के लिए यह उनके जीवन की सबसे ऐतिहासिक घटना है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेंटागन में आयोजित समारोह में कहा कि 11 सितंबर ने हमें नफरत की हदें याद दिलाईं। पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश समेत कई नेता न्यूयॉर्क में स्मारक कार्यक्रम में थे। वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक के मुताबिक उन्होंने 9/11 हमले में अपने 658 सहयोगियों को खोया था।

**फिलीपींस में फेरी हादसे में मृतकों का आकड़ा पहुंचा 35**

फिलीपींस में बुधवार रात एक यात्री फेरी में लगी भीषण आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है। हादसा दक्षिण-पश्चिमी पलावन प्रांत में कोरोन के पास हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि यात्रियों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। एक जीवित बचे यात्री अर्नुल्फो नोक्की विलानुएवा ने बताया कि लोग घबराकर एक-दूसरे पर चढ़ रहे थे। वह लाइफ जैकेट लेने की कोशिश में गिर गए और उनकी पीठ झुलस गई। बाद में उन्होंने खिड़की से छलांग लगाकर जान बचाई। रेस्क्यू टीमों ने शुक्रवार को फेरी के जले हुए हिस्सों से कई और शव बरामद किए। तेज गर्मी और धुएं के कारण जहाज के अंदर तलाशी अभियान में मुश्किलें आईं। हादसे के बाद 54 लोग अब भी लापता हैं, जबकि 43 यात्रियों को बचा लिया गया है। फेरी में कुल 134 लोग सवार थे, जिनमें 117 यात्री और 17 चालक दल के सदस्य थे। जहाज मनीला से रवाना हुआ था और कोरोन पहुंचने से करीब 7.4 किलोमीटर पहले आग की चपेट में आया। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। फिलीपींस में समुद्री हादसे पहले भी खराब रखरखाव और सुरक्षा नियमों के कमजोर पालन के कारण होते रहे हैं।

**पाकिस्तान ने वीजा के बावजूद 92 सिखों को भारत जाने से रोका**

उत्तराखंड स्थित श्री हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए भारत आ रहे 92 पाकिस्तानी सिख श्रद्धालुओं को शुक्रवार को फैसलाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भारत जाने वाली अप्रत्यक्ष उड़ान में सवार होने से रोक दिया गया। पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के अनुसार श्रद्धालु भारत जाने के लिए फैसलाबाद एयरपोर्ट पहुंचे थे लेकिन उन्हें गल्फ जाने वाली एयरलाइन की उड़ान में सवार होने से रोक दिया गया। अधिकारियों ने उनसे पाकिस्तान सरकार की एनओसी और वापसी का टिकट मांगा। दोनों दस्तावेज देने के बाद ही आगे जाने की अनुमति देने की बात कही गई। श्रद्धालुओं ने दिल्ली की एक गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के माध्यम से खुद भारतीय वीजा हासिल किए थे।

**दमन : थार-फॉर्च्यूनर के मालिकों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ**

दमन जिला कलेक्टर सौरभ मिश्रा ने अनोखी पहल करते हुए महिंद्रा थार और टोयोटा फॉर्च्यूनर के मालिकों को सड़क सुरक्षा की सार्वजनिक शपथ दिलाई है। अभियान को थार-फॉर्च्यूनर संकल्प यात्रा नाम दिया गया, जिसमें गाड़ी मालिकों को यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया गया।

**उथले समुद्र में मिली चलने वाली शार्क की नई प्रजाति**

समुद्र की उथली दुनिया में वैज्ञानिकों ने शार्क की एक ऐसी नई प्रजाति की पहचान की है, जो तैरने के साथ समुद्र की तलहटी पर चल भी सकती है। पापुआ न्यू गिनी के दक्षिण-पूर्वी तट के पास मिली हेमिसिलियम डजियोनाई नाम की यह शार्क अपने मजबूत पेक्टोरल और पेल्विक पंखों का इस्तेमाल पैरों की तरह करती है।

## अमेरिका: अलास्का के ठंडे समुद्र में पलटी नाव पर दो दिन चिपका रहा 15 साल का किशोर; कैसे बची जान? भाई की मौत




अलास्का के ठंडे बेरिंग सागर में 15 साल का किशोर पलटी नाव के ऊपर करीब दो दिन तक जिंदगी के लिए संघर्ष करता रहा। उसके बड़े भाई और रिश्तेदार की मौत हो गई। आखिर इतनी ठंड में किशोर कैसे जिंदा बचा रहा? पढ़िए रिपोर्ट-

अलास्का के ठंडे बेरिंग सागर में 15 साल का एक लड़का करीब दो दिन तक पलटी हुई छोटी नाव के ऊपर चिपका रहा। बाद में मछली पकड़ने वाली एक नाव ने उसे बचा लिया। उसके साथ मछली पकड़ने गए बड़े भाई और एक रिश्तेदार की जान नहीं बच सकी।

**रिश्तेदार पानी में कैसे गिरा?**

किशोर ने बचाव दल के एक सदस्य को बताया कि वह और उसका रिश्तेदार कुछ समय तक पलटी नाव को पकड़े रहे। इसके बाद उसका रिश्तेदार पानी में फिसलकर गिर गया। बाद में किशोर के भाई और रिश्तेदार दोनों के शव बरामद कर लिए गए।

**किशोर को कहां से बचाया गया?**

उसे रूस के ज्यादा करीब स्थित सेंट लॉरेंस द्वीप के पास समुद्र से बचाया गया। यह अलास्का का एक दूरदराज द्वीप है। यह अमेरिका की मुख्य भूमि के मुकाबले रूस के ज्यादा करीब है।

**इतनी ठंड में कैसे बचा रहा?**

मछली पकड़ने वाली नाव द नॉर्थवेस्ट एक्सप्लोरर के कप्तान एडम व्हाइट ने बताया कि किशोर अंधेरे में भी नाव से चिपका रहा। समुद्र के पानी का तापमान करीब 10 डिग्री सेल्सियस था। कप्तान ने उसकी हिम्मत की तारीफ करते हुए कहा कि वह बहुत मजबूत बच्चा है। उन्होंने बताया कि किशोर के दांत ठंड से कांप रहे थे। उसने बताया कि उसका भाई अभी भी नाव के नीचे है। उसने यह भी बताया कि बचाव से पिछली रात उसका रिश्तेदार पानी में गिर गया था।

**तीनों की तलाश कब शुरू हुई?**

अमेरिकी तटरक्षक बल ने सोमवार सुबह तलाश शुरू की। परिवार के लोगों ने रविवार रात तीनों के लापता होने की सूचना दी थी। तीनों शुक्रवार को सेंट लॉरेंस द्वीप के सावूंगा गांव से निकले थे। उन्हें रविवार सुबह वापस लौटना था।

**गांव में मछली पकड़ना क्यों जरूरी है?**

सावूंगा गांव में हैलिबट मछली पकड़ना जीवन और संस्कृति का अहम हिस्सा है। गांव में करीब 800 लोग रहते हैं। यहां रोजगार के मौके भी कम हैं। किशोर की मौसी कोलन वॉकर ने बताया कि लोग अक्सर पकड़ी गई मछलियां परिवार और पड़ोसियों के साथ बांटते हैं। उन्होंने कहा कि उनके समुदाय में लोग एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं। दुनिया बदल रही है, लेकिन वे आज भी पारंपरिक तरीके से जीवन जीते हैं।

**किशोर के भाई कौन थे?**

वॉकर ने बताया कि बचाए गए किशोर डेरेक पार्कर अघनांगा अक्सर अपने 35 साल के बड़े भाई सिडनी कुलोवियी के साथ मछली पकड़ने जाता था। अपने पिता की मौत के बाद किशोर अपने भाई को पिता जैसी शख्सियत मानता था। वॉकर ने बताया कि कुलोवियी व्यावसायिक मछली पकड़ने वाली नाव के कप्तान थे। वह गांव के लोगों की मदद करने वाले शांत और प्यार करने वाले व्यक्ति थे।

**पलटी नाव कैसे मिली?**

तटरक्षक बल के एक विमान ने सोमवार सुबह किशोर को देखा। बचाव दल ने उसके लिए जरूरी सामान पहुंचाया। इसके बाद नॉर्थवेस्ट एक्सप्लोरर नाव से संपर्क किया गया। बताया गया कि नाव शनिवार रात समुद्र में काफी दूर पलट गई थी।

## विश्लेषण: इतिहासकार और लेखक एंटोन जैगर ने बताया, एक दशक में अति-राजनीति ने समाज पर क्या असर डाला?



**एक मुद्दे पर ज्यादा समय टिके रहने का सब्र नहीं बचा**

मौजूदा राजनीतिक विमर्श में अल्पकालिकता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। किसी मजबूत संस्थान या प्रतिनिधि तंत्र के अभाव में लोग कुछ हफ्तों तक किसी मुद्दे पर अत्यधिक रुचि दिखाते हैं। इस पर जोर-शोर से बहस होती है और फिर इसमें रुचि कम होते ही अगला मुद्दा गूंजने लगता है, जिससे किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पाता।

**संस्थाएं कमजोर होने से हल नहीं हो पातीं समस्याएं**


जैगर के मुताबिक, 20वीं सदी के मध्य में जन-राजनीति का जो दौर था, उसमें राजनीति अत्यधिक सक्रिय होने के साथ-साथ गहरी संस्थागत भी थी। उस समय किसी राजनीतिक दल या संगठन से जुड़ना जीवनभर का हिस्सा होता था, जिससे एक मजबूत सामूहिक शक्ति पैदा होती थी। इसके विपरीत, आज राजनीतिक निष्ठा जैसी कोई चीज नाममात्र की ही बची है। सामूहिक शक्ति न होने से भी समस्याओं का कोई ठोस नतीजा नहीं मिल पाता है।

**डिजिटल दौर भी अति-राजनीति का बड़ा कारण**

स्मार्टफोन स्क्रीन और सोशल मीडिया एल्गोरिदम ने सूचनाओं को इतना तीव्र कर दिया है कि लोग कुछ हफ्तों के लिए किसी मुद्दे में पूरी तरह डूब जाते हैं। जैगर इसे एक राजनीतिक बाजार करार देते हैं, जहां लोग अपनी राय के शेयर खरीदते-बेचते हैं। कोई वैचारिक ढांचा मौजूद नहीं होने से आंदोलन बस एक हवा का झोंका बनकर रह जाते हैं। लोग प्रतिक्रिया स्वरूप केवल पोस्ट करना या लाइक करना जानते हैं। इससे वास्तविक प्रभाव नगण्य ही होता है।

राजनीतिक बहस और विरोध बढ़े हैं, लेकिन उनका असर लंबे समय तक नहीं टिक रहा। इतिहासकार एंटोन जैगर के मुताबिक, अति-राजनीति और सोशल मीडिया ने राजनीति को सिर्फ शोर तक सीमित कर दिया है। दुनिया का कोई भी लोकतंत्र हो, राजनीतिक मोर्चे पर बहस न केवल बढ़ी है बल्कि काफी आक्रामक भी हो गई है। राजनीतिक दल हों या आम मतदाता हर छोटे-बड़े मुद्दे पर अपनी बेबाक राय रखते हैं। समस्याओं को सुलझाने के लिए बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन भी होते हैं। जब कोई मुद्दा उभरता है तो ऐसा लगता है कि तीखी राजनीतिक बहस इसे किसी न किसी अंजाम पर पहुंचा कर ही दम लेगी। लेकिन आमतौर पर ऐसा नहीं हो पाता है। पूरे शोरशराबे के बावजूद जमीनी स्तर पर बदलाव नजर नहीं आता। राजनीतिक इतिहासकार एंटोन जैगर का मानना है कि इसका सबसे बड़ा कारण पिछले एक दशक में अति-राजनीति का हावी होना है। इससे मौजूदा राजनीति सिर्फ एक पल का शोर बनकर रह गई है, जिसका कोई स्थायी परिणाम नहीं निकलता। एंटोन जैगर ने हाल ही में न्यूयॉर्क टाइम्स के द एज्रा क्लेन शो में विस्तार से बताया कि अति-राजनीति समाज को कैसे प्रभावित कर रही है। उनकी राय है कि राजनीतिक संस्कृति में एक अजीब विरोधाभास पैदा हो गया है। एक तरफ मतदान, रैलियों, विरोध प्रदर्शनों और राजनीतिक हिंसा के स्तर पर लोगों की सक्रियता बहुत बढ़ गई है। दूसरी तरफ राजनीतिक दलों, ट्रेड यूनियनों और नागरिक समाज संगठनों जैसी पारंपरिक संस्थाएं लगातार कमजोर या खत्म हो रही हैं।

## बड़ा संकट: 59 बिजली संयंत्रों में सिर्फ 3 दिन का कोयला बचा, आपूर्ति बढ़ाने की तैयारी; क्या बढ़ेगा दबाव?




देश के 59 कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में सिर्फ तीन दिन का ईंधन बचा है। बिजली की मांग करीब 267 गीगावॉट बनी हुई है और कुछ संयंत्रों के बंद होने से दबाव बढ़ गया है। क्या कोयले की कमी से देश में बिजली संकट गहरा सकता है? पढ़िए रिपोर्ट देश के ऊर्जा क्षेत्र के सामने फिर संकट खड़ा हो गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश के लगभग एक तिहाई कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में ईंधन का भंडार खतरनाक स्तर तक घट गया है।सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, ऐसे बिजली संयंत्र जहां कोयले का भंडार कुल जरूरत का 25 फीसदी से भी कम बचा है यानी जिनके पास मात्र 3 दिन का कोयला शेष है उनकी संख्या 9 सितंबर तक 59 हो गई है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के विश्लेषक मनोज कुमार का कहना है कि घटता कोयला भंडार ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ी चेतावनी है। मई में देश की बिजली की अधिकतम मांग 270.70 गीगावॉट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची थी, जो पिछले कुछ दिनों से लगातार 267 गीगावॉट के आसपास बनी हुई है।पटियाला। पंजाब में राजपुरा थर्मल प्लांट की 700 मेगावाट की यूनिट नंबर-1 शुक्रवार को तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई, जिससे बिजली संकट गहरा गया है। रोपड़ थर्मल की 210 मेगावाट यूनिट नंबर-6 और तलवंडी साबो थर्मल की 660 मेगावाट यूनिट नंबर-2 पहले से ही बंद हैं।

**देश में 267 गीगावॉट बनी हुई है बिजली की मांग :** गर्मी के लंबे दौर और अल नीनो के असर से बिजली की मांग में कमी नहीं आ रही है, जिससे ग्रिड और बिजली उत्पादन पर भारी दबाव बन गया है। मई महीने में देश की बिजली की अधिकतम मांग 270.70 गीगावॉट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची थी, जो पिछले कुछ दिनों से लगातार 267 गीगावॉट के आसपास बनी हुई है। सौर ऊर्जा थोड़ी राहत जरूर दे रही है, लेकिन बैटरी स्टोरेज की कमी और जलाशयों में पानी का स्तर घटने के कारण जल विद्युत पर निर्भरता बनी हुई है।

**आपूर्ति बढ़ाने को युद्ध स्तर पर काम**

संकट से निपटने के लिए सरकार और कंपनियां युद्ध स्तर पर जुटी हैं। भारतीय रेलवे ने बिजली संयंत्रों तक कोयला पहुंचाने के लिए रैक/ट्रेनों की संख्या 3 सितंबर के 370 से बढ़ाकर 6 सितंबर को 444 कर दी है। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खनन कंपनी कोल इंडिया और उसकी सहायक इकाइयों ने खदानों पर लगभग 76 मिलियन मीट्रिक टन का पर्याप्त स्टॉक होने का दावा करते हुए सड़क मार्ग से भी कोयले की आपूर्ति बढ़ा दी है। हाइडल परियोजनाओं में रणजीत सागर की 300 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट नंबर-3 व 4 तथा यूबीआईडीसी की तीन यूनिटें ठप हैं।

## वैश्विक स्तर पर दालें महंगी: भारतीय बाजारों पर बढ़ेगा दबाव, कम उपलब्धता से आने वाले दिनों में बढ़ सकते हैं दाम



**अंतरराष्ट्रीय बाजारों में दालों के दाम मजबूत हुए हैं,** जिससे भारत जैसे आयातक देशों के घरेलू बाजारों पर असर पड़ना शुरू हो गया है। वैश्विक स्तर पर आयात लागत बढ़ने और देश के भीतर कमजोर मानसून के चलते पैदावार घटने की आशंका ने बाजार की तस्वीर बदल दी है। आईग्रेन इंडिया के मुताबिक, ब्राजील से भारत आने वाली ग्रेड-1 उड़द की कीमत बढ़कर 960 डॉलर प्रति टन (950 डॉलर से 1 फीसदी ऊपर) हो गई है। म्यांमार एसक्यू का भाव भारत के लिए 965 डॉलर प्रति टन हो गया है।



अंतरराष्ट्रीय बाजारों में दालों के दाम मजबूत हुए हैं, जिससे भारत जैसे आयातक देशों के घरेलू बाजारों पर असर पड़ना शुरू हो गया है। वैश्विक स्तर पर आयात लागत बढ़ने और देश के भीतर कमजोर मानसून के चलते पैदावार घटने की आशंका ने बाजार की तस्वीर बदल दी है। आईग्रेन इंडिया के मुताबिक, ब्राजील से भारत आने वाली ग्रेड-1 उड़द की कीमत बढ़कर 960 डॉलर प्रति टन (950 डॉलर से 1 फीसदी ऊपर) हो गई है। म्यांमार एसक्यू का भाव भारत के लिए 965 डॉलर प्रति टन हो गया है।

**चावल निर्यात भाव एक साल के उच्चतम स्तर पर**

भारतीय चावल के निर्यात भाव इस सप्ताह बढ़कर एक साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। 5 फीसदी टूटे हुए पारबॉइल्ड चावल का भाव बढ़कर 371-377 डॉलर प्रति टन हो गया, जो पिछले सप्ताह 369-375 डॉलर था। वहीं, 5 फीसदी टूटे सफेद चावल का भाव 368-373 डॉलर प्रति टन रहा।



## ब्रिक्स: आज नई भुगतान प्रणाली पर सहमति के आसार, पीएम मोदी का नवाचार पर जोर; पुतिन क्यों बोले- पश्चिम अब कमजोर




नई दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के रेड कार्पेट पर पीएम मोदी गर्मजोशी के साथ ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन का हाथ थामे रहे। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन और द. अफ्रीकी राष्ट्रपति सेरिल रामफोसा के साथ भी एकजुटता दिखाई। पहले दिन वैश्विक मेहमानों की मौजूदगी में पीएम मोदी ने नवाचार और स्टार्टअप्स पर जोर दिया। रूस और ईरान के राष्ट्रपति ने पश्चिम समेत ईरान को आईना दिखाया इस खबर में जानिए खास बातेंवैश्विक कारोबार में डॉलर का दबदबा कम करने की दिशा में ब्रिक्स देशों ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार व भुगतान बढ़ाने पर जोर दिया है। नई दिल्ली में शनिवार से शुरू हो रहे दो दिनी ब्रिक्स सम्मेलन से पूर्व शुक्रवार को ब्रिक्स बिजनेस फोरम में रूस, भारत व ईरान स्थानीय मुद्रा में व्यापार पर एकमत दिखे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा कि ब्रिक्स के सभी देशों को आपसी व्यापार डॉलर के बदले स्थानीय मुद्राओं में करना चाहिए। वहीं, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ब्रिक्स देशों को स्थानीय मुद्राओं में व्यापार करने के लिए चाहिए।

**ब्रिक्स पे पर बढ़ सकती है बात**

ब्रिक्स देशों के बीच शनिवार को नई भुगतान प्रणाली ब्रिक्स पे पर सहमति बन सकती है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, इस बारे में जल्द जानकारी मिलेगी। दरअसल, ब्रिक्स पे आजादी के आसान विचार पर बना है। इससे बिना किसी सीमा, एकाधिकार या पुराने पेमेंट सिस्टम की पाबंदियों के भुगतान की आजादी मिलेगी। इस प्रणाली को विकसित करने वाले लोगों के मुताबिक इससे व्यापार करने, अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की आजादी मिलेगी। यह यात्रियों को स्थानीय लोगों की तरह भुगतान करने और कारोबारियों को संबंधित देश के कारोबारियों की तरह व्यापार करने की सुविधा देता है।दरअसल, ब्रिक्स पे आजादी के आसान विचार पर बना है। इससे बिना किसी सीमा, एकाधिकार या पुराने पेमेंट सिस्टम की पाबंदियों के भुगतान की आजादी मिलेगी। इस प्रणाली को विकसित करने वाले लोगों के मुताबिक इससे व्यापार करने, अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की आजादी मिलेगी। यह यात्रियों को स्थानीय लोगों की तरह भुगतान करने और कारोबारियों को संबंधित देश के कारोबारियों की तरह व्यापार करने की सुविधा देता है।जिनपिंग की यात्रा से पहले चीन ने कहा कि दोनों देशों को मतभेद सही ढंग से सुलझाना चाहिए। रिश्तों को लंबे समय के हिसाब से तय करना चाहिए। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, चीन अच्छे पड़ोसी की तरह काम करेगा।यहां दो लाख स्टार्टअप्स हैं। उन्होंने यूपीआई तकनीक को बड़ी ताकत बताते हुए कहा, हमें ब्रिक्स के जरिये पूरी दुनिया तक पहुंचना है।

## डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से सालाना 7 लाख करोड़ बचेंगे, 1 करोड़ को मिलेगा रोजगार: लॉजिस्टिक्स में कितना बड़ा बदल

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क देश में माल ढुलाई को तेज और सस्ता बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इससे हर साल 7 लाख करोड़ रुपये तक की बचत और करीब एक करोड़ रोजगार के अवसर बन सकते हैं। लेकिन लॉजिस्टिक्स सेक्टर में बदलाव की असली तस्वीर क्या है? पढ़िए रिपोर्ट




देश की माल ढुलाई में नेटवर्क को अधिक तेज और किफायती बनाने के लिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) आने वाले वर्षों में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इन परियोजनाओं के प्रभावी विस्तार से देश में माल ढुलाई की लागत में सालाना 7 लाख करोड़ रुपये की बचत और लगभग एक करोड़ नए रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश के दादरी से मुंबई के जेएनपीटी को जोड़ने वाला पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारा चालू हो गया है और इसका व्यापार जगत में बेहतर प्रभाव देखने को मिल रहा है। भारत का लॉजिस्टिक्स क्षेत्र फिलहाल जीडीपी में करीब 13 फीसदी योगदान देता है और वर्ष 2030 तक लगभग 47.12 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। लॉजिस्टिक्स की अगली छलांग केवल बुनियादी ढांचे से नहीं बल्कि तकनीक और बेहतर समन्वय से भी आएगी।

आईआईएम मुंबई की रिपोर्ट 'फ्यूचर टैलेंट रिक्वायरमेंट इन लॉजिस्टिक्स: विजन 2047' के अनुसार वर्ष 2030 तक लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को करीब 1.15 करोड़ अतिरिक्त पेशेवरों की जरूरत पड़ सकती है। परिवहन, वेयरहाउसिंग, वितरण और फ्रेट फॉरवर्डिंग जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। यह आंकलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूपी के दादरी से मुंबई के बीच करीब 1506 किलोमीटर लंबा डब्ल्यूडीएफसी के महत्वपूर्ण तीन खंडों के उद्घाटन के बाद सामने आया है।






## चांदी उछली, सोना धड़ाम: सर्राफा बाजार की कीमतों में दिखा उतार-चढ़ाव, दिल्ली में आज कीमती धातुओं के भाव क्या?




एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-सामान्य धातु सौमिल गांधी के मुताबिक, अमेरिकी महंगाई से जुड़े अहम आंकड़े इस सप्ताह जारी होने वाले हैं। ऐसे में निवेशक फिलहाल सतर्क रुख अपना रहे हैं, जिससे सोने की कीमतें सीमित दायरे में बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ा दी हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा लागत में तेजी से महंगाई का दबाव और बढ़ सकता है। गांधी के अनुसार, ऊर्जा की ऊंची कीमतें महंगाई को बढ़ा सकती हैं और ब्याज दरों के लंबे समय तक ऊंचे बने रहने की उम्मीद को मजबूत कर सकती हैं। इसका असर सोने जैसे बुलियन पर भी पड़ सकता है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने की कीमत 43.67 डॉलर यानी करीब एक प्रतिशत बढ़कर 4,399.22 डॉलर प्रति औंस हो गई। वहीं, चांदी में भी करीब एक प्रतिशत की तेजी आई और इसका भाव 66.25 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने बताया कि हालिया गिरावट के बाद हाजिर सोने में सुधार देखने को मिला है।

दिल्ली में सोने की कीमत लगातार तीसरे दिन 100 रुपये गिरकर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी 2,300 रुपये उछलकर 2,43,400 रुपये प्रति किलो पहुंच गई।घरेलू बाजार में मांग कमजोर रहने के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र गिरावट दर्ज की गई। सोना 100 रुपये फिसलकर 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम था।वहीं, चांदी ने सोने के उलट तेजी का रुख बनाए रखा। लगातार दूसरे सत्र में चांदी के दाम बढ़े और यह 2,300 रुपये उछलकर 2,43,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इस कीमत में सभी कर शामिल हैं। मंगलवार को चांदी 2,41,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। यह जानकारी ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन की ओर से दी गई।



## द बोनस मार्केट अपडेट: भारतीय शेयर बाजार सपाट खुला, कच्चे तेल के 100 डॉलर के पार जाने से किन सेक्टर पर दबाव?




गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार करीब सपाट खुला। सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट में रहे, जबकि ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स शेयरों पर दबाव दिखा। वैश्विक बाजारों की कमजोरी का भी असर रहा। निफ्टी के 23,500 से नीचे रहने, कच्चे तेल के 101 डॉलर पार जाने और बॉन्ड यील्ड बढ़ने से बाजार में चिंता बढ़ी। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में करीब सपाट खुला। सुबह 9:23 पर सेंसेक्स 36 अंक या 0.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,727.96 और निफ्टी 8.25 अंक या 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,430.00 पर था। शुरुआती कारोबार में बाजार में दबाव ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स स्टॉक्स पर देखा जा रहा है। सूचकांकों में निफ्टी ऑटो और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स टॉप लूजर्स थे। इसके बाद निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग, निफ्टी फार्मा, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी कंजप्शन, निफ्टी हेल्थकेयर, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी इन्फ्रा और निफ्टी मेटल लाल निशान में थे। दूसरी तरफ निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी पीएसई, निफ्टी एनर्जी, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी एनर्जी हरे निशान में थे। मिडकैप और स्मॉलकैप में मिलाजुला कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 114 अंक या 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 62,479 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 18 अंक की मामूली तेजी के साथ 20,055 पर था। दूसरी तरफ निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी पीएसई, निफ्टी एनर्जी, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी एनर्जी हरे निशान में थे।

जानकारों ने कहा कि निफ्टी के 23,500 के रेजिस्टेंस लेवल से नीचे आने के कारण मार्केट की स्थिति कमजोर हो गई है। तकनीकी रूप से मार्केट में और गिरावट की आशंका है, और बुनियादी मैक्रो ट्रेंड्स भी बिगड़ते जा रहे हैं। ब्रेंट क्रूड की कीमत 101 डॉलर प्रति के पार चली गई है और यूएस के 10-साल के बॉन्ड की यील्ड बढ़कर 4.83 प्रतिशत हो गई है। इससे फेड द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने की संभावना बढ़ गई है, जिससे मार्केट में चिंताएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि भले ही भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अच्छी स्थिति में है और चालू खाता घाटा भी नियंत्रण में है, लेकिन अगर कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक 100 डॉलर से ऊपर बनी रहती हैं, तो इसका असर इस साल भारत की जीडीपी ग्रोथ और कंपनियों की कमाई पर भी पड़ेगा।ज्यादातर वैश्विक बाजारों में कमजोरी के साथ कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग, बैंकॉक, सोल और जकार्ता लाल निशान में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को लाल निशान में बंद हुए थे, जिसमें डाओ जोन्स 0.77 प्रतिशत की कमजोरी के साथ और टेक्नोलॉजी इंडेक्स नैस्डैक 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## मारबत उत्सव: नागपुर में आयोजित महोत्सव में जैकी श्रॉफ हुए शामिल कहा- 'दुनिया को इसके बारे में पता होना चाहिए'



Marbat Festival: नागपुर में भव्य स्तर पर आयोजित मारबत महोत्सव में फिल्मी तड़का भी देखने को मिला। अभिनेता जैकी श्रॉफ और फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने शिरकत की। नागपुर में बीते दिन ऐतिहासिक मारबत महोत्सव का आयोजन हुआ। उत्सव में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिरकत की। उनके अलावा बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ और सुभाष घई भी शामिल हुए। जैकी श्रॉफ ने आयोजन की भव्यता देख खुशी जताई और कहा कि इसकी खबर पूरी दुनिया को होनी चाहिए।

**जैकी श्रॉफ बोले- 'पूरी दुनिया को इसे देखना चाहिए'**

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, अभिनेता जैकी श्रॉफ ने नागपुर में हुए मारबत महोत्सव में शामिल होते हुए कहा, 'यह बहुत अच्छा प्रोग्राम है। पूरी दुनिया को इस प्रोग्राम के बारे में पता होना चाहिए। दुनिया में हर किसी को ऐसा प्रोग्राम देखना चाहिए। सिर्फ यहीं नहीं। हर किसी को इसे देखना चाहिए'। मारबत महोत्सव 145 साल पुरानी अनोखी परंपरा है। नागपुर का मारबत उत्सव एक अनूठी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपरा है, जो हर साल पोला त्योहार के दूसरे दिन नागपुर में बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। मारबत उत्सव हर साल भाद्रपद महीने में मनाया जाता है।

**मारबत उत्सव में क्या होता है?**

नागपुर के मारबत महोत्सव में बांस, कपड़े और कागज से बने बड़े-बड़े पुतलों (मारबत और बडग्या) की विशाल शोभायात्रा निकाली जाती है। इसमें भारी भीड़ उमड़ती है। नागपुर की गलियों में कई किलोमीटर का जुलूस निकलता है। इन पुतलों को नकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। शोभायात्रा के बाद बुराइयों व नकारात्मकता के प्रतीक इन पुतलों का दहन किया जाता है। यह उत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत और शहर से नकारात्मकता को दूर करने का संदेश देता है

## बिग बॉस 20: वो पागलपन का बाप है

### काजी तौकीर ने अरिजीत सिंह को क्यों कही ऐसी बात?



Bigg Boss 20: जब से 'बिग बॉस 20' शुरू हुआ है, तब से काजी तौकीर चर्चा में हैं। वह आए दिन कुछ ना कुछ नया करते हैं। हाल ही में उन्होंने अरिजीत सिंह की जमकर तारीफ की है। जानिए क्या है पूरा मामला। 'बिग बॉस 20' के हालिया एपिसोड में काजी तौकीर ने सिंगर अरिजीत सिंह की बहुत तारीफ की। इसके साथ उनका एक मशहूर गाना गाकर उन्हें ट्रिब्यूट दिया। अमन गांधी से बातचीत के दौरान काजी ने कहा, 'अगर मैं क्रेजी हूं, तो वो क्रेजीपन के बाप हैं।

**अरिजीत को लेकर क्या बोले काजी?**

जब अमन ने कहा कि काजी नेशनल टेलीविजन पर यह बात कह रहे हैं, तो काजी ने जवाब दिया कि अरिजीत को ऐसी बातों की परवाह नहीं है। सिंगर की तारीफ जारी रखते हुए उन्होंने कहा, 'वो अलग ही लेवल के इंसान हैं। वो एक पागल वैज्ञानिक हैं।' फिर काजी ने अरिजीत के लिए 'फ्लाइंग किस' दिया और कहा, 'मैं तुम्हें प्यार करता हूं।'

**काजी ने गाया अरिजीत का गाना**

दूसरे प्रतिभागियों के साथ अरिजीत के बारे में बात करते हुए काजी ने माना कि वह सिंगर का बहुत सम्मान करते हैं और अपनी तारीफ को शब्दों में बयां नहीं कर सकते। फिर उन्होंने 'आशिकी 2' का गाना 'तुम ही हो' गाकर उन्हें ट्रिब्यूट दिया।

**पहली बार 'बिग बॉस' देखने का प्लान बना रहे अरिजीत**

काजी की ये बातें तब सामने आईं जब अरिजीत ने सोशल मीडिया पर बताया कि वह पहली बार 'बिग बॉस' देखने का प्लान बना रहे हैं क्योंकि काजी शो में हिस्सा ले रहे हैं। सिंगर की पोस्ट ने काजी की उनके प्रति तारीफ को और भी खास बना दिया। अरिजीत सिंह ने ट्वीट किया, 'मुझे अपनी जिंदगी में पहली बार बिग बॉस देखना होगा क्योंकि हमारा रॉकस्टार काजी वहां है।' इस पोस्ट से 2005 में 'फेम गुरुकुल' के दिनों से उनके बीच के गहरे रिश्ते का पता चलता है।

- अरिजीत और काजी का रिश्ताअरिजीत सिंह और काजी तौकीर की दोस्ती 2005 में 'फेम गुरुकुल' के दिनों से है।
- करियर के रास्ते अलग होने के बावजूद, दोनों दो दशकों से ज्यादा समय से संपर्क में हैं।
- काजी ने पहले अरिजीत को अपना करीबी दोस्त बताया और हाल ही में दोनों को अरिजीत के होमटाउन, जियागंज में साथ समय बिताते देखा गया था।
- उन्होंने स्कूटी की सवारी की और क्रिकेट एकेडमी भी गए।
- हालांकि उन्होंने अभी तक कोई बड़ा प्रोफेशनल कोलैबोरेशन नहीं किया है।
- हालांकि काजी ने साथ काम करने की संभावना का इशारा दिया है

## हानिया आमिर के गाने में हुई राखी सावंत की एंट्री अनोखा कोलैबोरेशन देख फैंस हैरान



Hania Aamir: पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर ने अपने पहले गाने 'पाब्लो' से म्यूजिकल डेब्यू कर लिया है। एक्ट्रेस का यह गाना उन लोगों के लिए है, जो उनकी आलोचना करते हैं।

पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर ने 'पाब्लो' गाने से म्यूजिकल डेब्यू किया है। हालांकि, इस गाने की खास बात यह है कि इसमें लोगों को बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सावंत की आवाज भी सुनने को मिल रही है। दोनों देशों की यह अनोखी क्रॉस-बॉर्डर कोलैबोरेशन फैंस को काफी पसंद आ रही है।

- हानिया आमिर का पहला रैप सॉन्गपाकिस्तानी एक्ट्रेस का यह पहला रैप सॉन्ग गुरुवार 10 सितंबर को रिलीज हुआ है।
- इस गाने को हानिया ने खुद लिखा और कंपोज किया है।
- वीडियो में वह गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं, जबकि बैकग्राउंड में राखी सावंत की आवाज सुनाई देती है।
- राखी ने हानिया की खूबसूरती की तारीफ करते हुए उन्हें आलोचनाओं से परेशान न होने की सलाह दी। गाने के अंत में राखी खुद भी नजर आती हैं।राखी ने हानिया से क्या कहा?
- गाने में सुनने को मिलता है कि राखी सावंत अपनी आवाज में हानिया से कहती है, 'हानिया मेरी जान, कोई टेंशन नहीं लेनी। समझ गई कोई टेंशन नहीं लेनी। अरे तुम हूर हो, तुम्हारे चेहरे पर नूर है। तुम्हारी खूबसूरती से लोग जलते हैं। तुम शेरनी हो, डरना नहीं है। जो डर गया समझो मर गया। डर का सामना करो और आगे बढ़ती रहो।'
- अब इस गाने को फैंस का खूब प्यार मिल रहा है। लोगों ने कमेंट सेक्शन में हानिया और राखी की इस जोड़ी की जमकर तारीफ कर रहे हैं।
- क्या थे यूजर्स के कमेंट्स?
- एक यूजर ने लिखा, 'क्या शानदार गाना है।" वहीं दूसरे फैन ने कहा, "यह बहुत दिल छू लेने वाला है।" एक अन्य यूजर ने राखी सावंत को 'लॉर्ड राखी' कहा। किसी ने लिखा, "सिर्फ राखी के लिए लाइक किया।'

## अनीत पड्डा: 'हुंकार' की रिलीज से पहले

### अभिनेत्री ने शेयर की नई तस्वीरें नए लुक पर यूजर्स ने दी ऐसी प्रतिक्रिया



Aneet Padda: वेब सीरीज 'हुंकार' की चर्चा के बीच अनीत पड्डा ने अपनी नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। आइए जानते हैं उनकी तस्वीरों में क्या खास है? अभिनेत्री अनीत पड्डा अपनी अपकमिंग सीरीज 'हुंकार' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर जारी हुआ है। वह इसके प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री काफी खूबसूरत लग रही हैं।

अनीत पड्डा की पोस्ट में क्या है?

- अभिनेत्री ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट पहना है और अपने बाल खोले हुए हैं। उन्होंने ब्लैक जूती से अपने लुक को पूरा किया है। अभिनेत्री ने हलकी ज्वेलरी पहनी है। यूजर्स को पसंद आई अनीत पड्डा की तस्वीरअनीत पड्डा ने तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में गुलाब के फूल वाला इमोजी बनाया है।
- अभिनेत्री की तस्वीरों पर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं।
- एक यूजर ने उनके आउटफिट की तारीफ की है।
- एक और यूजर ने कमेंट में लिखा 'हे भगवान बहुत खूबसूरत।'
- एक और यूजर ने उन्हें बार्बी डॉल कहा है।
- एक और यूजर ने लिखा 'मेरी गुड़िया। क्या मैं तुम्हें अपने जेब में रख सकता हूं?'
- कब रिलीज होगी सीरीज?अनीत पड्डा की नई वेब सीरीज 'हुंकार' का ट्रेलर रिलीज हो गया है।
- इसमें वह बापजी के खिलाफ आवाज उठाती हैं, जो बहुत प्रभावशाली है।
- सीरीज में उनके साथ फातिमा सना शेख हैं, जो केस की जांच करती हैं।
- इस सीरीज में मोहम्मद जीशान अय्यूब, अर्जुन माथुर, रघुबीर यादव और राम कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं।
- 'हुंकार' वेब सीरीज 25 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

## आलिया भट्ट: पार्ले-जी के साथ फ्री आई थी बचपन में बहन शाहीन इस तरह करती थीं प्रैंक



Don't Be Shy Movie: आलिया भट्ट और उनकी बहन शाहीन भट्ट हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म 'डोंट बी शाई' के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुईं। इस दौरान दोनों बहनों से जेन जी के कई पॉपुलर स्लैंग्स के बारे में सवाल किए गए। जानिए इस बीच क्या कुछ रहा खास।

श्रीति मुखर्जी की अपकमिंग फिल्म 'डोंट बी शाई' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह यंग-एडल्ट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म आलिया भट्ट और शाहीन भट्ट के प्रोडक्शन हाउस 'इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंस' के बैनर तले बनी है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान आलिया और शाहीन ने काफी मजेदार सवालों के जवाब दिए।

**ऐसे रेजबेट करती थीं शाहीन**

दरअसल, दोनों से 'रेजबेट' का मतलब पूछा गया था। इसका जवाब देने के लिए आलिया ने अपने बचपन का एक मजेदार किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि शाहीन बचपन में उन्हें चिढ़ाने के लिए अक्सर कहती थीं कि वह उनके माता-पिता की असली बेटी नहीं हैं।

आलिया ने मजाकिया अंदाज में बताया, 'रेजबेट वही है जो शाहीन बचपन में मेरे साथ करती थी। वह कहती थी, 'आलिया पार्ले-जी के साथ फ्री आई थी' और वह हमारे माता-पिता की असली बच्ची नहीं है।' आलिया की यह बात सुनकर वहां मौजूद लोग भी हंस पड़े।

**14 साल बाद नए चेहरों को लॉन्च कर रहीं आलिया**

इस दौरान आलिया ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत को भी याद किया। उन्होंने करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से करीब 14 साल पहले बॉलीवुड में कदम रखा था। अब 33 साल की उम्र में आलिया अपनी फिल्म 'डोंट बी शाई' के जरिए चार नए कलाकारों को इंडस्ट्री में मौका दे रही हैं।

इस फिल्म में आरुषि बजाज, पीयूष खाती, बियांका अरोड़ा और अंश दुग्गल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म जेन जी स्टूडेंट्स की कहानी पर आधारित है और 26 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

# Aaj ka Rashifal 11 September

## कुछ राशियों को प्रमोशन तो कुछ को धन लाभ के संकेत, पढ़ें मेष से मीन तक का राशिफल




**12 सितंबर 2026** का राशिफल जानें। जाने सभी राशि के लिए आज का दिन प्रेम, करियर, धन और पारिवारिक मामलों में कैसा रहेगा। ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर जानिए आज की ज्योतिषीय भविष्यवाणी और अपने दिन की खास बातें।

**Aaj Ka Rashifal:** 12 सितंबर 2026 का दिन ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के लिहाज से कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। आज कुछ लोगों को करियर और कारोबार में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं, जबकि कुछ राशियों को आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत होगी। ग्रहों की चाल का असर आपके प्रेम, परिवार, स्वास्थ्य, धन और कार्यक्षेत्र पर दिखाई दे सकता है। आज कुछ जातकों के लंबे समय से अटके काम पूरे हो सकते हैं तो वहीं कुछ लोगों को सफलता पाने के लिए अधिक मेहनत और धैर्य की जरूरत होगी। प्रेम जीवन में चल रही गलतफहमियां दूर हो सकती हैं और रिश्तों में मधुरता बढ़ने के संकेत हैं। नौकरीपेशा लोगों पर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं, जबकि कारोबारियों को लाभ के अवसर मिल सकते हैं। अनावश्यक खर्च और जल्दबाजी में निवेश करने से बचें। तो आइए जानते हैं मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर समेत सभी राशियों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा।

### मेष

आज का दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहने वाला है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा का योग बन सकता है। इस दौरान नए लोगों से मुलाकात होगी, जिनसे भविष्य में आपको महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है। होटल कारोबार से जुड़े लोगों को सामान्य दिनों की तुलना में बेहतर लाभ मिलने के संकेत हैं। परिवार के साथ समय बिताने से रिश्तों में अपनापन और तालमेल बढ़ेगा। वहीं संगीत के शौकीन लोगों के लिए कोई शानदार अवसर सामने आ सकता है। किसी शो में गाने का प्रस्ताव मिलने से आपका उत्साह और खुशी दोनों बढ़ सकते हैं।

### वृषभ

आज दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को मेहनत का अच्छा फल मिलने और सफलता की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत हैं। रास्ते में किसी बुजुर्ग की सहायता करने का अवसर मिलेगा, जिससे मन को संतुष्टि मिलेगी। बच्चे किसी महत्वपूर्ण फैसले में आपकी सलाह मांग सकते हैं। ऑफिस में काम के प्रति एकाग्रता बनी रहेगी और आप समय पर अपने कार्य पूरे कर लेंगे। स्वास्थ्य भी सामान्य से अच्छा रहेगा। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए किसी बड़ी लॉ फर्म से नौकरी का प्रस्ताव आने की संभावना बन रही है।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए उत्साह और उपलब्धियों से भरा रह सकता है। अचानक धन लाभ होने से आप अपनी जरूरत की कोई महत्वपूर्ण चीज खरीद सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को पार्टी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे सामाजिक प्रतिष्ठा और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। आपके विरोधी भी किसी मामले में आपकी सलाह लेने को मजबूर हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति के साथ वेतन वृद्धि की खुशखबरी उत्साह बढ़ाएगी। प्रेम संबंधों में चल रही नाराजगी दूर होगी और रिश्ते में फिर से गर्मजोशी लौटेगी। एक-दूसरे को उपहार देकर आप अपने रिश्ते में नई मिठास ला सकते हैं।

### कर्क

आज का दिन उपलब्धियों से भरा रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, जिससे मन में संतोष और खुशी दोनों आएंगे। काम करने के नए और बेहतर तरीकों पर विचार करेंगे। कार्यस्थल पर आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होकर वरिष्ठ आपकी प्रशंसा कर सकते हैं और आपको किसी प्रकार का पुरस्कार या प्रोत्साहन भी मिल सकता है। दूसरों की मदद करने की भावना प्रबल रहेगी। परिवार के साथ खरीदारी का कार्यक्रम बन सकता है। व्यापारिक योजनाएं गति पकड़ेंगी और रोजगार के नए अवसर भी सामने आ सकते हैं। आर्थिक स्थिति पहले की अपेक्षा मजबूत होने के संकेत हैं।

### सिंह

आज आपके भीतर नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी और घर की जरूरतों के लिए खरीदारी करने का मौका मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है, इसलिए मेहनत में कमी न आने दें। शाम को किसी मित्र की जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर पुराने दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण विषय पर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने वालों के लिए आज का दिन विशेष रूप से उपलब्धियां देने वाला साबित हो सकता है।

### कन्या

आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और प्रदर्शन से सहकर्मी और वरिष्ठ प्रभावित होंगे तथा आपकी खुलकर तारीफ हो सकती है। जरूरी काम आसानी से पूरे होते जाएंगे। पिता द्वारा व्यापार में दी गई जिम्मेदारियों को आप कुशलता से संभालेंगे। फर्नीचर कारोबार से जुड़े लोगों को उम्मीद से अधिक लाभ मिलने की संभावना है। परिवार के लोग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। हालांकि स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। आर्थिक स्थिति में स्थिरता बनी रहेगी। दांपत्य जीवन में सुख और मधुरता बढ़ेगी। घर में नन्हे मेहमान के आगमन से खुशियों का माहौल और भी खास हो सकता है।

### तुला

आज का दिन आपके लिए कई मायनों में सुखद रहने वाला है। आपका विनम्र व्यवहार लोगों को प्रभावित करेगा और सामाजिक संबंध मजबूत होंगे। आप अपने खर्चों को नियंत्रित करने की योजना बनाएंगे, जो भविष्य में आर्थिक रूप से फायदेमंद रहेगी। बेवजह किसी बात को लेकर ज्यादा सोचने से बचें, क्योंकि इससे मानसिक तनाव बढ़ सकता है। व्यस्त दिनचर्या के बीच भी अपने लिए समय निकाल पाएंगे। जीवनसाथी की ओर से कोई प्यारा सरप्राइज मिल सकता है। बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए भी दिन अच्छे अवसर लेकर आ सकता है।

### वृश्चिक

आज का दिन सामान्य से बेहतर परिणाम देने वाला रहेगा। मकान, प्लॉट या दुकान खरीदने की आपकी पुरानी इच्छा पूरी होने की दिशा में आगे बढ़ सकती है। संतान को अच्छी नौकरी मिलने की खबर घर में खुशी का माहौल बना देगी और आप जश्न मनाने की योजना बना सकते हैं। लंबे समय से परेशान कर रही स्वास्थ्य संबंधी समस्या में राहत मिलने के संकेत हैं। ऑफिस से लौटने के बाद लंबे समय के बाद अपने पसंदीदा काम के लिए समय निकाल पाएंगे, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने का कार्यक्रम बन सकता है। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है और सफलता की संभावना मजबूत रहेगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए उम्मीद से बढ़कर परिणाम देने वाला हो सकता है। जिस काम को आप अब तक मुश्किल या लगभग असंभव मान रहे थे, उसे पूरा करने में सफलता मिल सकती है। तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे और करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या में कुछ जरूरी बदलाव करने होंगे। निजी क्षेत्र में नौकरी करने वालों को प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है। परिवार के साथ किसी मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। खेल जगत से जुड़े लोगों के लिए भी दिन उत्साहवर्धक रहेगा। ऑफिस में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को आप सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। हालांकि स्वास्थ्य के मामले में सावधानी जरूरी है।

### मकर

आज का दिन खुशी और उपलब्धियों से भरा रह सकता है। व्यापार में अच्छा लाभ मिलने से आपकी प्रसन्नता बढ़ेगी। लंबे समय से नए वाहन का सपना देख रहे हैं तो आज वह पूरा हो सकता है। किसी करीबी मित्र से दिल की बातें साझा करेंगे और उसकी ओर से आपको समझ और सहयोग मिलेगा। परिवार में आपकी बातों को पूरा सम्मान मिलेगा। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। नवविवाहित दंपतियों के लिए साथ में घूमने-फिरने का अच्छा अवसर बनेगा। प्रेम संबंधों में भी दिन सुखद रहेगा और आप अपने प्रिय के साथ यादगार समय बिता सकते हैं।

### कुंभ

आज का दिन सामान्य होते हुए भी कई नए अनुभव लेकर आएगा। आपको अपनी भूमिका या जिम्मेदारियों में बदलाव महसूस हो सकता है। जिम ट्रेनर और फिटनेस से जुड़े लोगों के लिए काम के लिहाज से अच्छा समय रहेगा। आपके व्यावसायिक कौशल में निखार आएगा और पद या आय बढ़ाने के नए अवसर सामने आ सकते हैं। जीवन में खुशी के नए कारण मिलेंगे। दिन अलग-अलग गतिविधियों में व्यस्त रहेगा, लेकिन आप अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर कठिन से कठिन काम को भी पूरा करने में सफल होंगे।

### मीन

आज का दिन आपके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आएगा। आपका मन रचनात्मक कार्यों की ओर आकर्षित होगा और इससे आपके अनुभव व कौशल में भी वृद्धि होगी। ऐसे प्रभावशाली लोगों से मुलाकात हो सकती है जो भविष्य में आपके लिए उपयोगी साबित होंगे। कोई महत्वपूर्ण काम सफलतापूर्वक पूरा होने से मन हल्का और तनाव कम महसूस होगा। जीवनसाथी के साथ चल रही नाराजगी समाप्त होगी और परिवार में फिर से खुशियां लौटेंगी। व्यापार विस्तार को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

# Aaj Ka Love Rashifal

## प्यार के मामले में इन 2 राशियों की होगी बल्ले-बल्ले, जानें सभी राशियों का लव राशिफल



**12 सितंबर 2026** का दिन प्रेम और रिश्तों के मामले में कई राशियों के लिए खास रहेगा। किसी के रिश्ते में रोमांस बढ़ेगा, तो कुछ लोगों को पार्टनर की नाराजगी दूर करने की कोशिश करनी पड़ सकती है। जानिए मेष से मीन तक सभी राशियों का आज का लव राशिफल।

**12 सितंबर 2026** का दिन प्रेम और रिश्तों के लिहाज से कई राशियों के लिए खास रहने वाला है। आज ग्रहों की स्थिति का असर आपके प्रेम संबंधों और पार्टनर के साथ आपकी बॉन्डिंग पर दिखाई दे सकता है। किसी के रिश्ते में रोमांस और नजदीकियां बढ़ेंगी, तो कुछ लोगों को आपसी गलतफहमियों और छोटी-मोटी नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं सिंगल जातकों के लिए भी आज नए रिश्ते की शुरुआत के संकेत मिल रहे हैं। अगर आप किसी को पसंद करते हैं या अपने रिश्ते को अगले पड़ाव पर ले जाने की सोच रहे हैं, तो आज का दिन महत्वपूर्ण हो सकता है। तो आइए जानते हैं मेष से मीन तक सभी 12 राशियों के लिए 12 सितंबर का लव राशिफल और जानें कि आज प्यार के मामले में आपके सितारे क्या कहते हैं।

## साप्ताहिक राशिफल (7 से 13 सितंबर): मेष-सिंह के लिए शुभ, तुला की बढ़ेगी भागदौड़, पढ़ें 12 राशियों का हाल




सितंबर का दूसरा सप्ताह धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। ऐसे में आइए जानते हैं 07 से 13 सितंबर 2026 तक का साप्ताहिक राशिफल।

सितंबर का दूसरा सप्ताह यानी 7 से 13 सितंबर 2026 ज्योतिषीय दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस दौरान 7 सितंबर को बुध कन्या राशि में प्रवेश करेंगे, हां उसे मजबूत स्थिति में माना जाता है। इससे बुद्धि, तर्क, व्यापार, शिक्षा और करियर से जुड़े मामलों में सकारात्मक बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। वहीं 11 सितंबर को अमावस्या का प्रभाव भी रहेगा, जिससे कई राशियों के लिए नई शुरुआत और योजनाओं में बदलाव के योग बनेंगे। इस सप्ताह कुछ लोगों को आर्थिक और पेशेवर मामलों में लाभ मिल सकता है, जबकि कुछ राशियों को जल्दबाजी और अनावश्यक खर्च से बचना होगा। आइए जानते हैं 7 से 13 सितंबर 2026 तक का साप्ताहिक राशिफल।

**मेष**

मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह भी बीते हफ्ते की तरह अत्यंत ही शुभ, लाभप्रद और प्रगतिदायक कहा जाएगा। इस सप्ताह किस्मत के सितारे आप पर पूरी तरह से मेहरबान रहेंगे, जिसके कारण आपको जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। अधिकारी वर्ग आपके कामकाज से प्रसन्न रहेगा और सहकर्मी आपका पूरा सहयोग और समर्थन करेंगे। सप्ताह के मध्य में आपको किसी कार्य विशेष के लिए पुरस्कृत किया जा सकता है। इस दौरान आपका मन धार्मिक-सामाजिक कार्यों में ज्यादा लगेगा। युवाओं का अधिकांश समय मौज-मस्ती करते हुए बीतेगा। यदि आप उच्च शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं तो उसकी प्राप्ति में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

विद्यार्थी वर्ग अध्ययन में एकाग्रता महसूस करेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से सप्ताह के पूर्वार्ध के मुकाबले उत्तरार्ध कहीं ज्यादा शुभ एवं लाभप्रद रहेगा। इस दौरान कारोबारी मामलों में अनुकूलता रहेगी। बाजार में आई तेजी का लाभ उठाने में आप सफल रहेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नौकरीपेशा वर्ग की आय के नये स्रोत बनेंगे। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। लव पार्टनर के साथ नजदीकियां और आपसी विश्वास बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

**उपाय:** प्रतिदिन स्फटिक के श्रीयंत्र की पूजा और श्री महालक्ष्मी अष्टकं का पाठ करें।

## आज का अंक ज्योतिष 12 सितंबर: मूलांक 2 और 6 को मिल सकता है बड़ा लाभ, मिलेंगे नए अवसर




**12 सितंबर 2026** का अंक ज्योतिष आपके लिए करियर, धन, प्रेम और स्वास्थ्य से जुड़े संकेत लेकर आया है। अपने मूलांक के अनुसार जानें आज का दिन आपके लिए कैसा रहेगा, कौन-से अवसर मिल सकते हैं और आपका शुभ अंक क्या रहेगा।

**Today Ank Jyotish** : आज 12 सितंबर 2026 है और अंक ज्योतिष के अनुसार हर मूलांक के जातकों के लिए आज का दिन अपने साथ अलग-अलग संभावनाएं लेकर आया है। अंक ज्योतिष में जन्मतिथि के आधार पर मूलांक का विशेष महत्व माना जाता है, जिससे व्यक्ति के स्वभाव, सोच और जीवन से जुड़े कई पहलुओं के बारे में संकेत मिलते हैं। आज के दिन ग्रहों और अंकों के प्रभाव के अनुसार किसी मूलांक वाले जातकों को करियर में नई सफलता मिल सकती है तो किसी को आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत हो सकती है। आज का अंक ज्योतिष आपको बताएगा कि 12 सितंबर का दिन आपके लिए नौकरी, व्यापार, धन, प्रेम, परिवार और व्यक्तिगत जीवन के लिहाज से कैसा रहने वाला है।

## सूर्य-केतु युति 2026: 17 सितंबर तक इन राशि वालों का समय रहेगा गोल्डन, करियर-धन में मिलेगा बड़ा लाभ




**Surya Ketu Yuti 2026:** 17 सितंबर 2026 को सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। तब तक सूर्य-केतु की यह युति प्रभावी रहने वाली है, जिससे कुछ राशियों को विशेष लाभ संभव है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**Surya Ketu Yuti 2026:** ज्योतिषियों के अनुसार, सूर्य अभी अपनी राशि सिंह में गोचर कर रहे हैं और यहां उनकी युति केतु के साथ बन रही हैं। सूर्य-केतु की यह युति कुछ राशि वालों के लिए विशेष लाभकारी साबित हो सकती है। माना जा रहा है कि, 17 सितंबर 2026 को सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। तब तक सूर्य-केतु की यह युति प्रभावी रहने वाली है। ऐसे में तबतक कुछ राशियों का समय बेहद कल्याणकारी रह सकता है। इस दौरान जातकों को करियर, नौकरी, व्यापार और निवेश से जुड़े मामलों में अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। साथ ही कई अटके कामों में गति आने और नए अवसर मिलने के भी योग बन सकते हैं। आइए जानते हैं कौन-सी राशियां इस दौरान लकी रहने वाली हैं।

**मेष राशि**

मेष राशि वालों को इस दौरान धन लाभ हो सकता है। करियर में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे और परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। यदि आप किसी काम को लेकर लंबे समय से प्रयास कर रहे थे तो उसमें सफलता मिल सकती है। कारोबार के क्षेत्र में भी सकारात्मक अवसर सामने आ सकते हैं। आपका अधिकांश समय मौज-मस्ती और दोस्तों के साथ बित सकता है। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है। पैतृक संपत्ति से आपको अच्छा खासा धन अर्जित करने का मौका मिलेगा।

**सिंह राशि**

सिंह राशि वालों को नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। करियर के मोर्चे पर नई जिम्मेदारी मिलने के भी योग बन रहे हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभकारी साबित हो सकती है। आपका मन धार्मिक-सामाजिक कार्यों में ज्यादा लगेगा। इस दौरान आपके कई काम मनचाहे तरीके से पूरे हो सकते हैं। घर में लंबे समय से अटका कोई जरूरी काम भी पूरा होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और क्षमता की सराहना हो सकती है। ईमानदारी आपके रिश्ते को मजबूत बनाएगी। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिलने की संभावना अधिक रहेगी।

# श्रीलंका ने पाकिस्तान को किया बाहर

## सेमीफाइनल में चार विकेट से हराया भारत से 13 सितंबर को खिताबी मुकाबला



SL W vs PAK W Semi Final Asia Cup 2026: दुबई में खेले गए सेमीफाइनल में श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना का ऑलराउंडर प्रदर्शन बेकार गया। उन्होंने नाबाद 47 रन बनाने के अलावा चार विकेट भी लिए। महिला एशिया कप टी20 के सेमीफाइनल में श्रीलंका का सामना पाकिस्तान से हुआ। यह मुकाबला दुबई में खेला गया। श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पाकिस्तान की कमान फातिमा सना संभाल रही थीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने श्रीलंका के सामने 131 रन का लक्ष्य रखा था। श्रीलंका ने 18.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया और पाकिस्तान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।अब श्रीलंका का सामना 13 सितंबर को दुबई में होने वाले फाइनल में भारत से होगा। श्रीलंका की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है और शानदार फॉर्म में है।

**फातिमा का ऑलराउंड प्रदर्शन बेकार गया**

फातिमा सना का ऑलराउंड प्रदर्शन बेकार गया। उन्होंने नाबाद 47 रन बनाने के अलावा चार विकेट भी लिए। एक वक्त श्रीलंका ने 33 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद हर्षिता समरविक्रमा और कविशा दिलहरी ने पांचवें विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद पाकिस्तान के लिए मैच में वापसी करना मुश्किल हो गया।

- श्रीलंका को दूसरे ओवर में पांच के स्कोर पर पहला झटका लगा। चमारी अटापट्टू पांच रन बनाकर फातिमा सना का शिकार बनीं।
- अटापट्टू को आउट करने के बाद अगली ही गेंद पर फातिमा ने संजना कविंदी को पवेलियन भेजा। वह खाता नहीं खोल सकीं।
- श्रीलंका को तीसरा झटका 31 के स्कोर पर छठे ओवर में लगा। हसिनी परेरा को सादिया इकबाल ने आउट किया। वह तीन रन बना सकीं।

# पाकिस्तान: क्या रिजवान-इमाम की बढ़ेंगी मुश्किलें? ड्रेसिंग रूम की बातें लीक करने का आरोप चार घंटे चली पूछताछ




पाकिस्तान क्रिकेट टीम के ड्रेसिंग रूम की कथित जानकारी लीक होने के मामले में मोहम्मद रिजवान और इमाम-उल-हक से राष्ट्रीय साइबर अपराध जांच एजेंसी ने करीब चार घंटे पूछताछ की। दोनों खिलाड़ियों के मोबाइल पहले ही जांच एजेंसी को सौंपे जा चुके हैं और मामले में जांच जारी है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के भीतर चल रहा विवाद अब जांच एजेंसी तक पहुंच गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की शिकायत पर राष्ट्रीय साइबर अपराध जांच एजेंसी (एनसीसीआईए) ने अनुभवी खिलाड़ियों मोहम्मद रिजवान और इमाम-उल-हक से ड्रेसिंग रूम की कथित जानकारी लीक होने के मामले में करीब चार घंटे तक पूछताछ की। यह घटनाक्रम इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट दौरे में पाकिस्तान टीम के खराब प्रदर्शन और उससे जुड़े अनुशासनात्मक विवादों के बीच सामने आया है। अनुशासन संबंधी मामलों के चलते रिजवान और इमाम समेत सात खिलाड़ियों तथा सहयोगी स्टाफ के दो सदस्यों को इंग्लैंड दौरे से वापस भेजा गया है।

दोनों खिलाड़ी फिलहाल इस मामले में जांच के दायरे में हैं। इसी वजह से वे शनिवार से शुरू होने वाले पाकिस्तान के प्रमुख घरेलू प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इस मामले में जांच को गंभीरता से लिए जाने का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान टीम के सुरक्षा प्रबंधक ने रिजवान और इमाम के मोबाइल फोन पहले ही एनसीसीआईए को सौंप दिए हैं। एक सूत्र के मुताबिक, दोनों खिलाड़ियों ने अपने मोबाइल उपकरणों की फोरेंसिक जांच कराने की अनुमति देने की बात भी कही है। सूत्र ने कहा, 'जांच का मुख्य मुद्दा इंग्लैंड श्रृंखला के दौरान ड्रेसिंग रूम से कथित तौर पर जानकारी लीक होने पर रहेगा।'

रिजवान और इमाम से पूछताछ के दौरान उनसे मामले से जुड़े सवालों के जवाब मांगे गए। दोनों खिलाड़ियों ने एनसीसीआईए के सवालों के लिखित जवाब देने के लिए और समय मांगा है।

# महिला एशिया कप का सेमीफाइनल:



भारतीय महिला टीम का सामना आज एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश से है। यह मुकाबला दुबई में खेला जाएगा। रिकॉर्ड और इतिहास को देखें तो भारतीय टीम का पलड़ा काफी मजबूत है, लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगी। आइए जानते हैं दोनों टीमों के बीच इस मैच से जुड़ी अहम बातें. सात बार की चैंपियन भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ महिला एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में उतरेगी तो कड़ी मैदानी प्रतिद्वंद्विता और दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव की पृष्ठभूमि में होने वाले इस मुकाबले में हरमनप्रीत कौर की टीम का पलड़ा भारी रहेगा। बांग्लादेश में राजनीतिक बदलाव के बाद भारत और बांग्लादेश के राजनयिक संबंध तनावपूर्ण रहे हैं।

ग्रुप में शीर्ष पर रहा था भारत

मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण भारतीय पुरुष टीम का बांग्लादेश दौरा कई बार स्थगित हो चुका है। जहां तक क्रिकेट का सवाल है तो भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रही है और सारे मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। ग्रुप चरण में भारत ने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 55 रन पर समेटकर सात विकेट से जीत हासिल की । भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत रही है और स्मृति मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ 64 गेंद में 124 रन बनाकर फिर साबित कर दिया कि उन्हें आधुनिक दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यो गिना जाता है। महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 3000 रन पूरे करने वाली विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने टीम को अच्छी शुरूआत देकर पावरप्ले में विरोधी टीमों को दबाव में रखा है। मध्यक्रम में कप्तान हरमनप्रीत और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने आखिरी ओवरों में अच्छे रन बनाए हैं। गेंदबाजी में भारत के पास विविधता और गहराई है। दीप्ति शर्मा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने राधा यादव और श्री चरणी के साथ मिलकर हर मैच में स्पिन का जाल बखूबी बुना है। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर के पास भी नई गेंद से टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाने की क्षमता है।

दूसरी ओर बांग्लादेश ने यूएई को 34 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# टी20 सीरीज: क्या अफगानिस्तान के खिलाफ खेल पाएंगे सुंदर-नीतीश?

## फिटनेस टेस्ट का क्या हुआ? बुमराह-राणा पर सस्पेंस

अफगानिस्तान के खिलाफ 13 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले भारत को अच्छी खबर मिली है। वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी फिट होकर टीम से जुड़ने वाले हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा की उपलब्धता पर अभी स्थिति साफ नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज शुरू होने से पहले भारतीय टीम को दो बड़ी राहत मिली हैं, लेकिन साथ ही दो अहम खिलाड़ियों को लेकर सस्पेंस भी बना हुआ है। चोट के कारण लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी पूरी तरह फिट हो चुके हैं और उनके आगामी सीरीज में खेलने की संभावना है। दोनों गुरुवार को नई दिल्ली में भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे।

बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बंगलूरू में दोनों खिलाड़ियों ने फिटनेस टेस्ट और मैच सिमुलेशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। घटनाक्रम पर नजर रखने वाले एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, 'सुंदर और रेड्डी दोनों कुछ समय पहले ही पूरी तरह फिट हो गए थे। दोनों ने बंगलूरू स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट और मैच सिमुलेशन पास कर लिया है।' वॉशिंगटन सुंदर को जुलाई में कार्डिफ में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी। इसी वजह से वह हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ हुई




वहीं नीतीश कुमार रेड्डी ने भारत के लिए आखिरी मुकाबला जून में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के दौरान खेला था। इसके बाद बाएं क्वाड्रिसेप्स में चोट बढ़ने के कारण वह आयरलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका के दौरों से बाहर हो गए थे। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के सीरीज में शामिल होने को लेकर अभी कोई पक्की जानकारी नहीं है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में फील्डिंग के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से वह मैदान से बाहर हैं।

इसके अलावा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा की फिटनेस पर भी नजरें हैं। वह जुलाई में इंग्लैंड दौरे के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं। अगर बुमराह या हर्षित में से कोई भी टीम से नहीं जुड़ता है तो स्थानीय तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को आखिरी समय में टीम में शामिल करने का विकल्प मौजूद है।

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज 13 सितंबर से शुरू होगी। यह दोनों टीमों के बीच टी20 प्रारूप में पहली द्विपक्षीय सीरीज भी होगी। भारत के लिए यह जापान रवाना होने से पहले तैयारी का अहम मौका है। भारत 22 सितंबर को जापान के खिलाफ सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में एकमात्र टी20 मुकाबला खेलेगा

# क्रिकेट के 3 अनसुने किस्से: जब सर विवियन ने बॉल का वजन पूछा गांगुली ने वॉ को तड़पाया मियांदाद की निकली हेकड़ी




क्रिकेट में मुकाबला सिर्फ बल्ले और गेंद का नहीं होता, मैदान पर खिलाड़ियों के बीच जुबानी जंग भी खूब देखने को मिलती है। कई बार स्लेजिंग का जवाब ऐसा मिलता है कि सामने वाला खिलाड़ी निरुत्तर हो जाता है। विव रिचर्ड्स, सौरव गांगुली और जावेद मियांदाद से जुड़े तीन ऐसे ही मजेदार किस्से क्रिकेट प्रेमियों को खूब गुदगुदाते हैं। क्रिकेट के मैदान पर चौके-छक्कों और विकेटों का रोमांच तो सभी देखते हैं, लेकिन खेल के दौरान खिलाड़ियों के बीच होने वाली नोकझोंक भी कम दिलचस्प नहीं होती। क्रिकेट की भाषा में इसे 'स्लेजिंग' कहा जाता है। अक्सर गेंदबाज बल्लेबाज का ध्यान भटकाने के लिए कुछ कहता है, लेकिन कई बार मामला उल्टा पड़ जाता है और जवाब ऐसा मिलता है कि स्लेजिंग करने वाले के पास कोई जवाब नहीं होता है। क्रिकेट इतिहास में ऐसे कई किस्से हैं, जो मुकाबले से ज्यादा खिलाड़ियों के मजेदार जवाबों के लिए याद किए जाते हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही तीन किस्से, जिनमें मैदान पर हुई जुबानी जंग ने खूब सुर्खियां बटोरीं। सर विवियन रिचर्ड्स का खौफ ऐसा था कि अच्छे-अच्छे गेंदबाज उनके सामने आने से कतराते थे। एक इंग्लिश काउंटी मैच के दौरान ग्लेमोर्गन के तेज गेंदबाज ग्रेग थॉमस ने रिचर्ड्स की टांग खींचने की कोशिश की। रिचर्ड्स क्रीज पर आए और शुरुआती कुछ गेंदों पर बीट हुए। इसके बाद थॉमस ने कहा, 'विव, यह लाल रंग की गोल चीज है

रिचर्ड्स ने इसका कोई जवाब नहीं दिया। लेकिन अगली ही गेंद पर उन्होंने ऐसा गगनचुंबी छक्का लगाया कि गेंद स्टेडियम के बाहर नदी में जा गिरी। इसके बाद रिचर्ड्स ने थॉमस की तरफ देखा, मुस्कुराए और कहा, 'गेंद का वजन और रंग तो तुम्हें पता ही है, अब जाओ और उसे बाउंड्री के बाहर से ढूंढकर लाओ।' थॉमस के लिए यह जवाब सुनना किसी करारे पलटवार से कम नहीं था।

2001 की भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज क्रिकेट इतिहास की सबसे महान सीरीज में से एक मानी जाती है। उस समय ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव वॉ अपनी 'माइंड गेम्स' और स्लेजिंग के लिए मशहूर थे। भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने भी इसका जवाब अपने अंदाज में देने का फैसला किया। विशाखापत्तनम में टॉस का समय सुबह 8:30 बजे था। स्टीव वॉ पूरी तरह तैयार होकर ब्लेजर पहनकर पिच पर पहुंच गए, लेकिन गांगुली वहां नहीं थे। स्टीव वॉ धूप में खड़े होकर इंतजार करते रहे।

गांगुली काफी देर बाद आराम से अपना ब्लेजर ढूंढते हुए पहुंचे। इस तरह उन्होंने स्टीव वॉ को इंतजार कराया और उन्हें धूप में खड़ा रहना पड़ा। गांगुली ने बाद में हंसते हुए कबूल किया था कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम के घमंड को तोड़ने और स्टीव वॉ को सबक सिखाने के लिए ऐसा कई बार किया था।

साल 1991 का एडिलेड टेस्ट। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर इयान हीली और महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद के बीच हमेशा से छत्तीस का आंकड़ा रहा था। इसी दौरान मियांदाद क्रीज पर थे और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मर्व ह्यूज गेंदबाजी कर रहे थे। मियांदाद ने मर्व ह्यूज को चिढ़ाने के लिए कहा, 'मर्व, तुम बहुत मोटे हो। तुम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर नहीं, बल्कि बस एक बस ड्राइवर जैसे लगते हो।'

मर्व ह्यूज ने उस समय कोई जवाब नहीं दिया। लेकिन कुछ ओवर बाद उन्होंने मियांदाद को क्लीन बोल्ड कर दिया। मियांदाद के पवेलियन की तरफ मुड़ते ही मर्व ह्यूज उनके पीछे भागे और चिल्लाए, 'टिकट प्लीज! अपनी बस की टिकट दिखाते जाओ!' इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हंसने लगे। मैदान पर हुई यह नोकझोंक क्रिकेट के मजेदार किस्सों में शामिल हो गई। पाकिस्तान के बल्लेबाज जावेद मियांदाद अपने आक्रामक रवैये और मैदान पर स्लेजिं॰ (Sledging) के लिए कुख्यात थे। भारत-पाकिस्तान मुकाबलों के दौरान वे अक्सर विपक्षी खिलाड़ियों को ताने मारते थे।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**

**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**

**– सम्पादक**

**R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













